वो घड़ी याद है जब तुमसे मुलाक़ात हुई
एक इशारा हुआ दो हाथ बढ़े बात हुई
देखते देखते दिन ढल गया और रात हुई
वो समां आज तलक दिल से भुलाया ना गया
हमसे आया न गया

क्या ख़बर थी के मिले हैं तो बिछड़ने के लिये
क़िस्मतें अपनी बनाई हैं बिगड़ने के लिये
प्यार का बाग बसाया था उजड़ने के लिये
इस तरह उजड़ा के फिर हमसे बसाया ना गया
हमसे आया न गया

याद रग जाती है और वक़्त गुज़र जाता है
फूल खिलता है मगर खिल के बिखर जाता है
सब चले जाते हैं फिर दर्दे जिगर जाता है
दाग़ जो तूने दिया दिल ने मिटाया ना गया
हमसे आया न गया ...

पूजा करूंगी तेरी ...

ना कोई बंधन जगत का कोई पहरा ना दीवार
कोई न जाने दो दीवाने जी भर कर ले प्यार
कदमों में तेरे आके, कर लूंगी मैं बंद आँखें
पूजा करूंगी तेरी ...

तेरा ही मुख देख के पिया रात को मैं सो जाऊं
भोर भई जब आँख खुले तो तेरे ही दरशन पाऊं
तुझको गले लगाके, कर लूंगी मैं बंद आँखें
पूजा करूंगी तेरी ...

film: Fakeera singer: Mahedra Kapoor, Hemlata
lyrics: Ravindra Jain music: Ravindra Jain

हो, अकेला चल रे, हो, फ़कीरा चल रे
ओ सुनके तेरी पुकार, संग चलने को तेरे कोई हो न हो तैयार
हिम्मत न हार, चल चला चल अकेला चल चला चल ...
फ़कीर चल चला चल

बचपन में हुआ घर से बेघर
आज तलक ना बस पाया
घर में लगी जो आग वो बुझ गई, जलती रही तेरी काया
बीती बातें बिसार, ऐसा कोई नहीं जो न हो
ग़म से बेज़ार, हिम्मत न हार ...

जिसने लिया संकल्प सभी के
दुख और दर्द मिटाने का
उसपे हंसा जग उसने कभी ना, पाया साथ ज़माने का
ले ले औरों का भार, कोई जिनका नहीं है उनका
जीवन संवार, हिम्मत न हार ...

सूरज चंदा तारे जुगनू
सबकी अपनी हस्ती है
जिसमें जितना नीर हो बदली, उतनी देर बरसती है
तेरी शक्ती अपार, तू तो लाया रे अकेला गंगा
धरती पे उतार, हिम्मत न हार ...

वो क्या समझे दर्द किसी का
जिसने दुख ना झेला हो
दो अब और दो हाथ हो जिसके, वो काहे को अकेला हो
आए संकट हज़ार, तेरी ख़ातिर कोई न खोले
कभी न अपना द्वार, हिम्मत न हार ...

film: Dost singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

गाड़ी बुला रही है, सीटी बजा रही है
चलना ही ज़िंदगी है, चलती ही जा रही है

देखो वो रेल, बच्चों का खेल, सीखो सबक जवानों
सर पे है बोझ, सीने में आग, लब पर धुवाँ है जानो
फिर भी ये जा रही है, नगमें सुना रही है

आगे तूफ़ान, पीछे बरसात, ऊपर गगन में बिजली
सोचे न बात, दिन हो के रात, सिगनल हुआ के निकली
देखो वो आ रही है, देखो वो जा रही है

आते हैं लोग, जाते हैं लोग, पानी मे जैसे रेले
जाने के बाद, आते हैं याद, गुज़रे हुए वो मेले
यादें बना रही है, यादें मिटा रही है

गाड़ी को देख, कैसी है नेक, अच्छा बुरा न देखे
सब हैं सवार, दुश्मन के यार, सबको चली ये लेके
जीना सिखा रही है, मरना सिखा रही है

गाड़ी का नाम, ना कर बदनाम, पटरी पे रख के सर को
हिम्मत न हार, कर इंतज़ार, आ लौट जाएं घर को
ये रात जा रही है, वो सुबह आ रही है

सुन ये पैगाम, ये है संग्राम, जीवन नहीं है सपना
दरिया को फ़ांद, पर्वत को चीर, काम है ये उसका अपना
नींदें उड़ा रही है, जागो जगा रही है

film: Dekh Kabira Roya singer: Talat Mahmood
lyrics: Rajendra Krishan music: Madan Mohan

हमसे आया न गया तुमसे बुलाया ना गया
फ़ासला प्यार में दोनों से मिटाया ना गया

तेरी आँखों का नया ख़्वाब मुबारक हो तुझे
ये मेरी ख़्वाहिश ये ख़यालात किसे पेश करूँ
ये मुरादों की हंसीं रात किसे पेश करूँ, किसे पेश करूँ

कौन कहता है चाहत पे सभी का हक़ है (२)
तू जिसे चाहे तेरा प्यार उसी का हक़ है
मुझसे कह दे ...
मुझसे कह दे मैं तेरा हाथ किसे पेश करूँ
ये मुरादों की हंसीं रात किसे पेश करूँ, किसे पेश करूँ

रंग और नूर की ...

ITRANS Song Book: 93.s

film: Prem Geet singer: Jagjit Singh
lyrics: Indivar music: Jagjit Singh

होंठों से छूलो तुम
मेरा गीत अमर कर दो
बन जाओ मीत मेरे
मेरी प्रीत अमर कर दो

न उमर की सीमा हो
न जनम का हो बंधन
जब प्यार करे कोई
तो देखे केवल मन
नई रीत पे चलकर तुम
ये रीत अमर कर दो
होंठों से छूलो तुम ...

जग ने छीना मुझसे
मुझे जो भी लगा प्यारा
जब जीत किये मुझसे
मैं हर दम ही हारा
तुम हार के दिल अपना
मेरी जीत अमर कर दो
होंठों से छूलो तुम ...

आकाश का सूना पन
मेरे तनहा मन में
पायल छनकाती तुम
आजाओ जीवन में
सांसें देकर अपनी
संगीत अमर कर दो
होंठों से छूलो तुम ...

ITRANS Song Book: 94.s

film: Fakeera singer: Kishore, Lata
lyrics: Ravindra Jain music: Ravindra Jain

तोता मैना की कहानी तो पुरानी पुरानी हो गई
अब है सबके लबों पर ये ताज़ा ख़बर
एक लड़की दीवानी हो गई
तुझसे मिलके ज़िंदगानी हाय कितनी सुहानी हो गई
मिलते ही नज़र हुआ ऐसा असर
मैं फ़कीरे की रानी हो गई
तोता मैना की कहानी ...

कहीं कोई न था दूर दूर तक
हम जिसको हमारा कहते
तू न मिलता अगर सूनी राह पर
पिया हम बेसहारा रहते
ऐ मेरे हमसफ़र चाहने वालों पर
वक़्त की मेहरबानी हो गई
तोता मैना की कहानी ...

तू रंग है मैं हूँ ख़ुशबू
गुल खिलते हैं अपने मिलन से
तेरा मुखड़ा है सामने मेरे
मुझे मतलब नहीं है चमन से
एक अपनी डगर एक अपना नगर
एक अपनी कहानी हो गई
तोता मैना की कहानी ...

ITRANS Song Book: 95.s

film: Fakeera singer:
lyrics: Ravindra Jain music: Ravindra Jain

दिल में तुझे बिठाके, कर लूंगी मैं बंद आँखें
पूजा करूंगी तेरी, हो के रहूंगी तेरी

मैं ही मैं देखूं तुझे पिया और न देखे कोई
एक पल भी ये सोच रहे ना किस विधि मिलना होई
सबसे तुम्हें बचाके, कर लूंगी मैं बंद आँखें

जो कदम उठा रहीं हूँ, वो कदम बहक रहा है
मिली तुमसे क्या निगाहें, (मेरा दिल धड़क रहा है - २)
मेरे दिल पे हाथ रख लो तुम्हें इंतज़ार क्यूँ है
कभी तुम दगा न दोगे, मुझे ऐतबार क्यूँ है
मैं तुम्ही से ये पूछती हूँ ...

तुम्हीं सामने हो मेरे, मैं जिधर नज़र उठाऊं
तुम्हें भूलना भी चाहूं, (तो कभी न भूल पाऊं - २)
मेरे दिल पे हाय इतना तुम्हे इख़्तियार क्यूँ है
कभी तुम दगा न दोगे, मुझे ऐतबार क्यूँ है
मैं तुम्हीं से ये पूछती हूँ ...

film: Agar Tum Na Hote singer: Kishore or Lata
lyrics: music: R.D. Burman

हमें और जीने की चाहत न होती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

(हमें जो तुम्हारा इशारा न मिलता
भंवर में ही रहते किनारा न मिलता - २)
किनारे पे भी तो लहर आ डुबोती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

(तुम्हें देखके तो लगता है ऐसे
बहारों का मौसम आया हो जैसे - २)
दिखाई न देती अंधेरों में ज्योती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

तुम्हें क्या बताऊं के तुम मेरे क्या हो
मेरी ज़िंदगी का तुम ही आसरा हो
मैं आशा कि लड़ियां, न रह रह पिरोती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

हर इक ग़म तुम्हारा सहेंगे खुशी से
करेंगे न शिकवा कभी भी किसी से
जहां मुझ पे हंसता, खुशी मुझपे रोती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

न जाने जो दिल से ये आवाज़ आई
मिलन से है बढ़के तुम्हारी जुदाई
ये आँखों के आँसू, न कहलाते मोती
अगर तुम न होते, अगर तुम न होते

film: Hawas singer: Rafi
lyrics: Saawan Kumar music: Usha Khanna

तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम, आज के बाद
तेरे मिलने को न आएंगे सनम, आज के बाद
तेरी गलियों में ना ...

तू मेरा मिलना ...
तू मेरा मिलना समझ लेना एक सपना था
तुझको आखिर मिल ही गया जो तेरा अपना था
हम को दुनिया में समझना ना सनम, आज के बाद
तेरे मिलने को ना आएंगे सनम, आज के बाद

गिर के आएंगी ...
गिर के आएंगी घटाएं फिर से सावन की
तुम तो बाहों में रहोगी अपने साजन की
गले हम ग़म को लगाएंगे सनम, आज के बाद
तेरे मिलने को ना आएंगे सनम, आज के बाद

film: Ghazal singer: Rafi lyrics: Sahir music: Madan Mohan

रंग और नूर की बारात किसे पेश करूँ
ये मुरादों की हंसीं रात किसे पेश करूँ, किसे पेश करूँ

मैने जज़बात निभाए हैं उसूलों की जगह (२)
अपने अरमान पिरो लाया हूँ फूलों की जगह
तेरे सेहरे की ...
तेरे सेहरे की ये सौगात किसे पेश करूँ
ये मुरादों की हसीं रात किसे पेश करूँ, किसे पेश करूँ

ये मेरे शेर मेरे आखिरी नज़राने हैं (२)
मैं उन अपनों मैं हूँ जो आज से बेगाने हैं
बेत-आ-लुख़ सी मुलाकात किसे पेश करूँ
ये मुरादों की हंसीं रात किसे पेश करूँ, किसे पेश करूँ

सुर्ख जोड़े की तबोताब मुबारक हो तुझे (२)

जिस गली में तेरा घर न हो बालमा
उस गली से हमे तो गुज़रना नहीं
जो डगर तेरे द्वारे से जाती न हो
उस डगर पर हमे पांव रखना नहीं

ज़िंदगी में कई रंगरलियाँ सही
हर तरफ़ मुस्कुराती ये गलियाँ सही
खूबसूरत बहारों की कलियाँ सही
जिस चमन में तेरे पग में काटें चुभे
उस चमन से हमें फूल चुनना नहीं
जिस गली में तेरा घर न हो बालमा ...

आ ये रसमें ये कसमें सभी तोड़ के
तू चली आ चुनर प्यार की ओढ़ के
या चला जाऊंगा मैं ये जग छोड़ के
जिस जगह याद तेरी सताने लगे
उस जगह एक पल भी ठहरना नहीं
जिस गली में तेरा घर न हो बालमा ...

film: Baaton Baaton Mein singer: Kishore
lyrics: music: Rajesh Roshan

कहाँ तक ये मन को अंधेरे छलेंगे
उदासी भरे दिन कहीं तो ढलेंगे

कभी सुख कभी दुख, यही ज़िंदगी हैं
ये पतझड़ का मौसम घड़ी दो घड़ी हैं (२)
नये फूल कल फिर डगर में खिलेंगे
उदासी भरे दिन कहीं तो ढलेंगे

भले तेज कितना, हवा का हो झोंका
मगर अपने मन में तू रख ये भरोसा (२)
जो बिछड़े सफ़र में तुझे फिर मिलेंगे
उदासी भरे दिन कहीं तो ढलेंगे

कहे कोई कुछ भी, मगर सच यही है
लहर प्यार की जो कहीं उठ रही है (२)
उसे एक दिन तो किनारे मिलेंगे
उदासी भरे दिन कहीं तो ढलेंगे

film: Mili singer: Kishore lyrics: Yogesh music: S.D. Burman

आए तुम याद मुझे, गाने लगी हर धड़कन
ख़ुशबू लाई पवन, महका चंदन
आए तुम याद मुझे ...

जिस पल नैनों में सपना तेरा आए
उस पल मौसम पे मेंहदी रच जाए (२)
और तू बन जाये जैसे दुल्हन
आए तुम याद मुझे ...

जब मैं रातों में तारे गिनता हूँ
और तेरे कदमों की आहट सुनता हूँ (२)
लगे मुझे हर तारा तेरा दरपन
आए तुम याद मुझे ...

हर पल मन मेरा मुझसे कहता है
जिसकी धुन में तू खोया रहता है (२)
भर दे फूलों से उसका दामन
आए तुम याद मुझे ...

film: Black Cat singer: Lata, Rafi
lyrics: Jan Nisar Akhtar music: N. Datta

कोई इक़रार करे या कोई इन्कार करे
हमसे एक बार निगाहें तो ज़रा चार करे
तुम हंसीं हो तुम्हे सब दिल में जगह देते है
हम में क्या बात है ऐसे जो कोई प्यार करे

मैं तुम्हीं से ये पूछती हूँ, मुझे तुमसे प्यार क्यूँ है
कभी तुम दगा न दोगे, मुझे ऐतबार क्यूँ है
मैं तुम्ही से ये पूछती हूँ

मुझे क्यूँ पुकारती हैं, ये जवाँ जवाँ फ़िज़ाएं
मुझे मिल गई कहां से, (ये हंसीं हंसीं अदाएं - २)
मेरी ज़िंदगी पे छाई ये नयी बहार क्यूँ है
कभी तुम दगा न दोगे, मुझे ऐतबार क्यूँ है
मैं तुम्हीं से ये पूछती हूँ ...

film: Anand singer: Manna Dey
lyrics: Yogesh music: Salil Chowdhury

ज़िंदगी ...
कैसी है पहेली, हाए
कभी तो हंसाये
कभी ये रुलाये
ज़िंदगी ...

कभी देखो मन नहीं जागे
पीछे पीछे सपनों के भागे
एक दिन सपनों का राही
चला जाए सपनों के आगे कहाँ
ज़िंदगी ...

जिन्होने सजाए यहाँ मेले
सुख-दुख संग-संग झेले
वही चुनकर ख़ामोशी
यूँ चली जाए अकेले कहाँ
ज़िंदगी ...

film: Anand singer: Mukesh
lyrics: Gulzar music: Salil Chwodhury

मैने तेरे लिये ही सात रंग के सपने चुने
सपने सुरीले सपने
कुछ हँस के, कुछ ग़म के
तेरी आँखों के साए चुराए
रसीली यादों ने
मैने तेरे लिये ...

छोटी बातें
छोटी छोटी बातों की है यादें बड़ी
भूले नहीं बीती हुई एक छोटी घड़ी
जनम जनम से आँखें बिछाई
तेरे लिये इन राहों में
मैने तेरे लिये ...

भोले भाले
भोले भाले दिल को बहलाते रहे
तन्हाई में तेरे ख़यालों को सजाते रहे
कभी कभी तो आवाज़ देकर
मुझको जगाया ख़्वाबों ने
मैने तेरे लिये ...

रूठी रातें
रूठी हुई रातों को जगाया कभी
तेरे लिये बीती सुबह को बुलाया कभी
तेरे बिना भी तेरे लिये ही
दिये जलाये रातों में
मैने तेरे लिये ...

film: Hare Rama Hare Krishna singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

कांची रे कांची रे, प्रीत मेरी सांची
रुक जा न जा दिल तोड़ के

झूठा है ये गुस्सा तेरा सच्चा नहीं
सच्चे प्रेमी को तड़पाना अच्छा नहीं
वापस ना आऊंगा मैं जो चला जाऊंगा
ये तेरी गलियाँ छोड़ के, ए ए ...

तेरे हाथों में है मेरी डोरी जैसे
कच्चे धागे से मैं बंधा आया ऐसे
मुश्किल है जीना, देदे ओ हसीना
वापस मेरा दिल मोड़के, ए ए ...

ल: कांचा रे कांचा रे, प्यार मेरा सांचा
रुक जा ना जा दिल तोड़ के

रंग तेरे में ये तन रंग लिया
तन क्या है मैने मन रंग लिया
बस चुप ही रहना, अब फिर ना कहना
रुक जा ना जा दिल तोड़ के, ए ए ...

film: Kati Patang singer: Mukesh
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

film: Gumraah singer: Mahendra Kapoor
lyrics: Sahir Ludhiyanvi music: Ravi

चलो इक बार फिर से, अजनबी बन जाएं हम दोनो
चलो इक बार फिर से ...

न मैं तुमसे कोई उम्मीद रखूं दिलनवाज़ी की
न तुम मेरी तरफ़ देखो गलत अंदाज़ नज़रों से
न मेरे दिल की धड़कन लड़खड़ाये मेरी बातों से
न ज़ाहिर हो तुम्हारी कश्म-कश का राज़ नज़रों से
चलो इक बार फिर से ...

तुम्हें भी कोई उलझन रोकती है पेशकदमी से
मुझे भी लोग कहते हैं कि ये जलवे पराए हैं
मेरे हमराह भी रुसवाइयां हैं मेरे माझी की - २
तुम्हारे साथ भी गुज़री हुई रातों के साये हैं
चलो इक बार फिर से ...

तार्रुफ़ रोग हो जाये तो उसको भूलना बेहतर
ताल्लुक बोझ बन जाये तो उसको तोड़ना अच्छा
वो अफ़साना जिसे अंजाम तक लाना ना हो मुमकिन - २
उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ना अच्छा
चलो इक बार फिर से ...

film: Laawaris singer: Amitabh
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है - २
जो है नाम वाला वही तो बदनाम है
मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है

जिसकी बीवी लम्बी उसका भी बड़ा नाम है - २
कोठे से लगा दो सीढ़ी का क्या काम है
मेरे अंगने में ...

जिसकी बीवी मोटी उसका भी बड़ा नाम है - २
बिस्तर पे लिटा दो गद्दे का क्या काम है
मेरे अंगने में ...

जिसकी बीवी गोरी उसका भी बड़ा नाम है - २
कमरे में बिठा लो बिजली का क्या काम है
मेरे अंगने में ...

जिसकी बीवी काली उसका भी बड़ा नाम है - २
आँखों में बसा लो सुरमे का क्या काम है
मेरे अंगने में ...

जिसकी बीवी छोटी उसका भी बड़ा नाम है
छोटी छोटी, छोटी नाटी, छोटी नाटी ... - २
गोद में बिठा लो बच्चे का क्या काम है
मेरे अंगने में ...

film: Milan singer: Mukesh, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

मु: सावन का महीना, पवन करे सोर
ल: पवन करे शोर
मु: पवन करे सोर
ल: पवन करे शोर
मु: अरे बाबा शोर नहीं सोर, सोर, सोर
ल: पवन करे सोर

हां, जियरा रे झूमे ऐसे, जैसे बनमा नाचे मोर
हो सावन का महीना ...

मौजवा करे क्या जाने, हमको इशारा
जाना कहाँ है पूछे, नदिया की धारा
मरज़ी है तुम्हारी, ले जाओ जिस ओर
जियरा रे झूमे ऐसे ...

रामा गजब ढाए, ये पुरवइया
नइया सम्भालो कित, खोए हो खिवइया
पुरवइया के आगे, चले ना कोई ज़ोर
जियरा रे झूमे ऐसे ...

जिनके बलम बैरी, गए हैं बिदेसवा
लाई है जैसे उनके, प्यार का संदेसवा
काली अंधियारी, घटाएं घनघोर
जियरा रे झूमे ऐसे ...

जो आशिक़ थे मेरे कल तक न करते बात हैं मुझसे
मेरे महबूब ...

कभी महसूस होता है ख़ुशी के दिन भी आएंगे (२)
हवेली जगमगाएगी मेरे दिलवर के आने से
मेरे महबूब ...

ITRANS Song Book: 77.s

film: Ankhiyon Ke Jharokhon Se singer: Hemlata
lyrics: Ravindra Jain music: Ravindra Jain

अंखियों के झरोखों से, मैने देखा जो सांवरे
तुम दूर नज़र आए, बड़ी दूर नज़र आए
बंद करके झरोखों को, ज़रा बैठी जो सोचने
मन में तुम्हीं मुस्काए, बस तुम्हीं मुस्काए
अंखियों के झरोखों से

इक मन था मेरे पास वो अब खोने लगा है
पाकर तुझे हाय मुझे कुछ होने लगा है
इक तेरे भरोसे पे सब बैठी हूँ भूल के
यूँही उम्र गुज़र जाए, तेरे साथ गुज़र जाए

जीती हूँ तुम्हें देख के, मरती हूँ तुम्हीं पे
तुम हो जहां साजन मेरी दुनिया है वहीं पे
दिन रात दुआ मांगे मेरा मन तेरे वास्ते
कहीं अपनी उम्मीदों का कोई फूल न मुरझाए
अंखियों के झरोखों से ...

मैं जब से तेरे प्यार के रंगों में रंगी हूँ
जगते हुए सोई रही नींदों में जगी हूँ
मेरे प्यार भरे सपने कहीं कोई न छीन ले
दिल सोच के घबराए, यही सोच के घबराए
अंखियों के झरोखों से ...

ITRANS Song Book: 78.s

film: Neel Kamal singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhiyanvi music: Ravi

आजा, तुझको पुकारे मेरा प्यार
आजा, मैं तो मिटा हूँ तेरी चाह में
तुझको पुकारे मेरा प्यार

दोनो जहाँ की भेंट चढ़ा दी मैने राह में तेरी
अपने बदन की खाक़ मिला दी मैने आह में तेरी
अब तो चली आ इस पार
आजा मैं तो मिटा हूँ ...

इतने युगों से इतने दुखों को कोई सह ना सकेगा
मेरी क़सम मुझे तू है किसीकी कोई कह ना सकेगा
मुझसे है तेरा इक़रार
आजा, मैं तो मिटा हूँ ...

आखिरी पल है आखिरी आँहें तुझे ढूँढ रही हैं
डूबती सांसें बुझती निगाहें तुझे ढूँढ रही हैं
सामने आजा एक बार
आजा, मैं तो मिटा हूँ ...

ITRANS Song Book: 79.s

film: Mere Jeevan Saathi singer: Kishore
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: R.D. Burman

ओ मेरे, दिल के चैन,
चैन आए मेरे दिल को दुआ कीजिये

अपना ही साया देख के तुम जाने जहां शरमा गए
अभी तो ये पहली मंज़िल है, तुम तो अभी से घबरा गए
मेरा क्या होगा, सोचो तो जरा
हाय ऐसे ना आँहें भरा कीजिये
ओ मेरे दिल के चैन ...

आपका अरमाँ आपका नाम, मेरा तराना और नहीं
इन झुकती पलको के सिवा, दिल का ठिकाना और नहीं
जंचता ही नहीं आँखो में कोई
दिल तुमको ही चाहे तो क्या कीजिये
ओ मेरे दिल के चैन ...

यूँ तो अकेला ही अक़सर, गिर के सम्भल सकता हूँ मैं
तुम जो पकड़ लो हाथ मेरा, दुनिया बदल सकता हूँ मैं
मांगा है तुम्हें दुनिया के लिये
अब ख़ुद ही सनम फ़ैसला कीजिये
ओ मेरे दिल के चैन ...

है जिनको तेरी याद कभी उनकी ले खबर
कभी उनकी ले खबर
आसमान वाले कभी गरीबों पे कर नज़र
गरीबों पे कर नज़र
दिल में किसी गरीब के अरमान बनके देख
धरती पे चार दिन ...

ओ ओ ओ
जो कुछ भी हो रहा है वो तेरी नज़र में है
तेरी नज़र में है
आ देख मेरी आस की नैया भंवर में है, नैया भंवर में है
सब जानते हुए भी ना अनजान बनके देख
धरती पे चार दिन ...

ओ ओ ओ
तुझ को खबर नहीं कोई कितना निराश है
कितना निराश है
तिनके की डूबते को मालिक तलाश है, मालिक तलाश है
इनसान बन सके ना तो भगवान बनके देख
धरती पे चार दिन ...

film: Sangat singer: Lata, Manna Dey
lyrics: Jaan Nisaar Akhtar music: Salil Chaudhary

कान्हा बोले ना, कान्हा बोले ना
पूछूँ बार बार कान्हा बोले ना
क्या है प्रीत क्या है प्यार कान्हा बोले ना

बन के ज्योती मन में झांके
यूँ नयन नयन डोले आके
मानूँ बरसे सूरजवा जमुना की धार
प्यासा मन फिर भी प्यासा रह जाए
देखे नाहीं नयना प्रिये खोले ना, कान्हा ...

मोहन तो मन लहरी रे
मोरी पीड़ा भई गहरी गहरी रे
बनके सुनी सुनी सपने सोए सोए
लागे बैना ये नैना रे खोए खोए
ऐसो बेदर्दी, जरा डोले ना, पूछूँ ...

तन सोए मन जागे रे
मीठी मीठी अगन कोई लागे रे
बोलूँ चोरी चोरी मन की बतियाँ तोरी
काहे जाने ना माने ना प्रीतम मोरी
कह रे हारी मैं, मोरा हो ले ना, पूछूँ ...

film: Shakti singer: Lata, Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

जाने कैसे कब कहाँ इक़रार हो गया
हम सोचते ही रह गए और प्यार हो गया (२)

गुलशन बनीं गलियाँ सभी
फूल बन गए कलियाँ सभी (२)

लगता है मेरा सेहरा तय्यार हो गया
हम सोचते ...

तुमने हमे बेबस किया
दिल ने हमे धोखा दिया
उफ़ तौबा जीना कितना दुश्वार हो गया
हम सोचते ...

हम चुप रहे कुछ न कहा
कहने को क्या बाक़ी रहा
बस आँखों ही आँखों में इक़रार हो गया

film: Kitne Paas Kitne Door singer: Chandrani Mukherjee
lyrics: D.S. Sultaniya music: Chand Pardesi

मेरे महबूब शायद आज कुछ नाराज़ हैं मुझसे
मैं कितने पास हूँ फिर भी (२)
वो कितने दूर हैं मुझसे
मेरे महबूब ...

मुझे डर है की उनकी बेरुखी कहीं जान ना ले ले (२)
करुँ क्या ग़म जुदाई का सहा जाता नहीं मुझसे
मेरे महबूब ...

वो महफ़िल में तो आए हैं मगर चुपचाप बैठे हैं (२)

वो झूलों से गिरना वो गिर के सम्भलना
वो पीतल के छल्लों के प्यारे से तोहफ़े
वो टूटी हुई चूड़ियों की निशानी

कभी रेत के ऊँचे टीलों पे जाना
घरौंदे बनाना बनाके मिटाना
वो मासूम चहत की तस्वीर अपनी
वो ख़्वाबों खिलौनों की जागीर अपनी
न दुनिया का ग़म था न रिश्तों के बंधन
बड़ी ख़ूबसूरत थी वो ज़िंदगानी

film: Dhanwan singer: Lata, Suresh Wadkar
lyrics: Sahir Ludhiyanvi music: Hridaynath Mangeskhar

ये आँखें देख कर हम सारी दुनिया भूल जाते हैं
इन्हें पाने की धुन में हर तमन्ना भूल जाते हैं
ये आँखें ...

तुम अपनी महकी महकी ज़ुल्फ़ के पेचों को कम कर दो
मुसाफ़िर इनमें गिरकर अपना रस्ता भूल जाते हैं
ये आँखें ...

ये आँखें जब हमें अपनी पनाहो में बुलाती हैं
हमे अपनी क़सम हम हर सहरा भूल जाते हैं

तुम्हारे नर्म-ओ-नाज़ुक होंठ जिस दम मुस्कराते हैं
बहारें झेंपतीं फूल खिलना भूल जाते हैं
ये आँखें ...

बहुत कुछ तुम से कहने की तमन्ना दिल में रखते हैं
मगर जब सामने आते हो तो कहना भूल जाते हैं

मुहब्बत में ज़ुबां चुप हो तो आँखें बात करतीं हैं
ये कह देती हैं वो बातें जो कहना भूल जाते हैं
ये आँखें ...

film: Pyaar Ka Mausam singer: Rafi, Kishore (two versions)
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: R.D. Burman

तुम बिन जाऊँ कहाँ, के दुनिया में आके
कुछ न फिर चाहा कभी तुमको चाहके, तुम बिन ...

देखो मुझे सर से कदम तक, सिर्फ़ प्यार हूँ मैं
गले से लगालो के तुम्हारा बेक़रार हूँ मैं
तुम क्या जानो के भटकता फिरा
मैं किस गली, तुमको चाह के ...

अब है सनम हर मौसम, प्यार के काबिल
पड़ी जहाँ छाओं हमारी, सज गयी महफ़िल
महफ़िल क्या तनहाई में भी
लगता है जी, तुमको चाह के ...

Kishore Kumar version:

तुम बिन जाऊँ कहाँ, के दुनिया में आके
कुछ न फिर चाहा कभी, तुमको चाहके, तुम बिन ...

रह भी सकोगे तुम कैसे, हो के मुझसे जुदा
ढह जाएंगी दीवारें, सुन के मेरी सदा
आना ही होगा तुम्हें मेरे लिये
साथी मेरे, सूनी राह के ...

कितनी अकेली सी पहले, थी यही दुनिया
तुमने नज़र जो मिला ली, बस गई दुनिया
दिल को मिली जो तुम्हारी लगन
दिये जल गए, मेरी आह से ...

देखो मेरे ग़म की कहानी, किसीसे मत कहना
कहीं मेरी बात चले तो, सुनके चुप रहना
मेरा क्या है कट जाएगी कहीं
ये ज़िंदगी, तुमको चाह के ...

film: Bahaar singer: Geeta Dutt
lyrics: Rajendra Krishan music: S.D. Burman

भगवान दो घड़ी जरा इंसान बनके देख
धरती पे चार दिन कभी मेहमान बनके देख
मेहमान बनके देख

ओ ओ ओ

चांदनी सुहानी
सर्द है हवाएं
तुम भी अकेले हम भी अकेले
कहते हैं तुमसे हाँ
तुम भी जलोगे हाथ मलोगे
रुठ के हमसे हाँ

क्या लगाई तुमने
ये क़सम क़सम से
लो ठहर गये हम
कुछ कहो भी हम से
तनके न चलिये बनके न चलिये
कहते हैं तुमसे हाँ
तुम भी जलोगे हाथ मलोगे
रुठ के हमसे हाँ
हाय

film: Door Ka Raahi singer: Kishore, Sulakshna Pandit
lyrics: A. Irshad music: Kishore Kumar

बेक़रार दिल, तू गाये जा
खुशियों से भरे वो तराने
जिन्हें सुन के दुनिया झूम उठे
और झूम उठे दिल दीवाने
बेक़रार दिल ...

राग हो कोई मिलन का, सुख से भरी सरगम का
युग-युग के बंधन का, साथ हो लाखों जनम का
ऐसे ही बहारें गाती रहें, और सजते रहे वीराने
जिन्हें सुन के ...

रात यूँ ही थम जायेगी, रुत ये हंसीं मुसकाएगी
बंधी कली खिल जायेगी, और शबनम शरमायेगी
प्यार के वो कैसे नगमे, जो बन जायें अफ़साने
जिन्हें सुन के ...

दर्द में डूबी धुन हो, सीने में इक सुलगन हो
सांसों में हलकी चुभन हो, सहमी हुई धड़कन हो
दोहराते रहें बस गीत ये आ, दुनिया से रहें बेगाने
जिन्हें सुन के ...

film: Kati Patang singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

ये जो मुहब्बत है, ये उनका है काम
महबूब का जो, बस लेते हुए नाम
मर जाएं, मिट जाएं, हो जाएं बदनाम
रहने दो छोड़ो भी जाने दो यार
हम ना करेंगे प्यार
रहने दो छोड़ो भी जाने दो यार
हम ना करेंगे प्यार

टूटे अगर सागर नया सागर कोई ले ले
मेरे खुदा दिल से कोई किसी के न खेले
दिल टूट जाए तो क्या हो अंजाम
ये जो ...

नज़र किसी से न उलझ जाए मैं डरता हूँ
यारों हसीनों की गली से मैं गुज़रता हूँ
बस दूर ही से कर के सलाम
ये जो ...

film: Aaj singer: Jagjit, Chitra Singh
lyrics: Sudarshan Faakir music: Jagjit Singh

ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो
भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी
मगर मुझको लौटा दो बचपन का सावन
वो कागज़ की कश्ती, वो बारिश का पानी

मुहल्ले की सबसे निशानी पुरानी
वो बुढ़िया जिसे बच्चे कहते थे नानी
वो नानी की बातों में परियों का डेरा
वो चहरे की झुर्रियों में सदियों का फेरा
भुलाए नहीं भूल सकता है कोई
वो छोटी सी रातें वो लम्बी कहानी

कड़ी धूप में अपने घर से निकलना
वो चिड़िया वो बुलबुल वो तितली पकड़ना
वो गुड़िया की शादी में लड़ना झगड़ना

न जाने इनमें कौन हैं मेरे लिये
मेरे लिये मेरे लिये - २

सभी हंसीं सभी जवां
कहाँ पे दिल को हारिये
सभी हैं दिल के मेहमां
किसे किसे पुकारिये
जवानियाँ ये मस्त मस्त ...

दीवाने हम थे चाह के
तो बेक़रार हो लिये
के दूर की निगाह के
गुनहगार हो लिये
जवानियाँ ये मस्त मस्त ...

film: Tumsa Nahin Dekha singer: Rafi, Asha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: O.P. Nayyar

आशा: आए हैं दूर से, मिलने हज़ूर से
ऐसे भी चुप न रहिये, कहिये जी कुछ तो कहिये
दिन है के रात है
रफ़ी: हाय ...
तुमसे मेहमान क्या, मुझपे अहसान क्या
लाखों ही ज़ुल्फ़ों वाले, आती हैं घेरा डाले
मेरी क्या बात है
आशा: आये हैं दूर से ...

उठ के तो देखिये, कैसी फ़िज़ा है
शरमाना छोड़िये, ये क्या अदा है
रफ़ी: तौबा ये क्या फ़रमाया
मैं तो यूँ ही शरमाया
मेरी क्या बात है
आशा: आये हैं दूर से ...
रफ़ी: ओ ओ ओ ...
तुमसे मेहमान का ...

दिखती है रोज़ ही, ऐसी फ़िज़ाएं
मुखड़े के सामने, काली घटाएं
आशा: कोई चल जाए जादू, फिर हम पूछेंगे बाबू
दिन है के रात है ...
रफ़ी: ओ ओ ओ ...
तुमसे मेहमान का ...
आशा: आ आ आ ...
आये हैं दूर से ...

film: Tumsa Nahin Dekha singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: O.P. Nayyar

छुपने वाले सामने आ
छुप छुप के मेरा जी न जला
सूरज से किरन बादल से पवन
कब तलक छुपेगी ये तो बता
छुपने वाले सामने आ ...

आ लिपटी है दिल से मेरे
ज़ुल्फ़ तेरी बलखाई हुई
देख रहा हूँ तेरी नज़र
अपनी नज़र तक आई हुई
गालों पर ज़ुल्फ़ें न गिरा
तू है क़यामत मैं हूँ बला
छुपने वाले सामने आ ...

आखिर तेरे नाज़ की ये
हार नहीं तो और है क्या
दौड़ के आना पास मेरे
प्यार नहीं तो और है क्या
दूर खड़ी हैरान है क्या
दाँतों में यूँ उंगली न दबा
छुपने वाले सामने आ ...

film: Tumsa Nahin Dekha singer: Asha, Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: O.P. Nayyar

देखो क़सम से देखो क़सम से
कहते हैं तुमसे हाँ
तुम भी जलोगे हाथ मलोगे
रुठ के हमसे हाँ

रात है दीवानी
मस्त है फ़िज़ाएं

तेरा नाम लिया
जब तक भी जिया
ऐ शम्मा तेरा परवाना
जिससे अब तक तुझे नफ़रत होगी
आज रुसवा ...

मेरे महबूब ...

ITRANS Song Book: 61.s

film: Chitralekha singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhiyanvi music: Roshan

मन रे तू काहे ना धीर धरे
वो निर्मोही मोह ना जाने, जिनका मोह करे
मन रे ...

इस जीवन की चढ़ती ढलती
धूप को किसने बांधा
रंग पे किसने पहरे डाले
रुप को किसने बांधा
काहे ये जतन करे
मन रे ...

उतना ही उपकार समझ कोई
जितना साथ निभा दे
जनम मरण का मेल है सपना
ये सपना बिसरा दे
कोई न संग मरे
मन रे ...

ITRANS Song Book: 62.s

film: non-film singer: Jagjit Singh lyrics: music:

ताई दिन ना जवानी नाल चलदी - २
कुरती मलमल दी

अथरी तेरी जवानी कुड़िये तेरे वास ना रेंहदी - २
साड़े दिल नू ला बुलावे तेरे हत्थां दी मेंहदी
नित सुलदे दी लाट वाँगूं बलदी - २
कुरती मलमल दी

ताई दिन ना ...

तेरे कोलों टुरना सिक्खे पंज दरिया दे पानी - २
जा तू कोई हीर सलेती, जा कोई फूलां रानी
नित कुड़ियां दे विच नहीयों रलदी - २
कुरती मलमल दी

पतली कुरती दे विच्चों ही रूप झातियां मारे
अंग अंग तेरा तपदा रेंहदा, लूँ लूँ करे इशारे
झुट्टी खलदी मरोड़ा नहीयों झलदी - २
कुरती मलमल दी

ITRANS Song Book: 63.s

film: Nastik singer: Pradeep
lyrics: Pradeep music: C. Ramchandra

देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान
कितना बदल गया इनसान कितना बदल गया इनसान
सूरज न बदला चांद न बदला ना बदला रे आसमान
कितना बदल गया इनसान कितना बदल गया इनसान

राम के भक्त रहीम के बंदे
रचते आज फ़रेब के फंदे
कितने ये मक्कर ये अंधे
देख लिये इनके भी फंदे
इन्हीं की काली करतूतों से
बना ये मुल्क मशान, कितना ...

क्यूँ ये नर आपस में झगड़ते
काहे लाखों घर ये उजड़ते
क्यूँ ये बच्चे माँ से बिछड़ते
फूट-फूट कर क्यूँ रोते
प्यारे बापू के प्राण, कितना ...

ITRANS Song Book: 64.s

film: Tumsa Nahin Dekha singer: Rafi, Asha
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

जवानियाँ ये मस्त मस्त बिन पिये
जलाती चल रही है राह में दिये
न जाने इनमें किसके वास्ते हूँ मैं

फिर किसके लिये आज मैं जीता ही रहा हूँ
मैं ज़िंदगी ...

रह-रह के हँसा है मेरी हालत पे ज़माना
क्या दुख है मुझे ये तो किसी ने भी न जाना
ख़ामोश
ख़ामोश मोहब्बत लिये फिरता ही रहा हूँ
मैं ज़िंदगी ...

आई न मुझे रास मोहब्बत की फिज़ायें
शरमाई मेरी आँख से सावन की घटाएं
लहरों में सदा
लहरों में सदा ग़म को बहाता ही रहा हूँ
मैं ज़िंदगी ...

film: Tumsa Nahin Dekha singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhiyanvi music: O.P. Nayyar

यूँ तो हमने लाख हंसीं देखे हैं
तुमसा नहीं देखा
हो, तुमसा नहीं देखा

उफ़ ये नज़र उफ़ ये अदा
कौन न अब होगा फ़िदा
ज़ुल्फ़ें हैं या बदलियां
आँखें हैं या बिजलियां
जाने किस किसकी आएगी सज़ा
यूँ तो हमने लाख हंसीं देखे हैं ...

तुम भी हंसीं रुत भी हंसीं
आज ये दिल बस में नहीं
रास्ते ख़ामोश हैं
धड़कने मदहोश हैं
पिये बिन आज हमे चढ़ा हैं नशा
यूँ तो हमने लाख हंसीं देखे हैं ...

तुम न अगर बोलोगे सनम
मर तो नहीं जाएंगे हम
क्या परी या हूर हो
इतनी क्यूँ मग़रूर हो
मान के तो देखो कभी किसीका कहा
यूँ तो हमने लाख हंसीं देखे हैं ...

film: Sambandh singer: Mukesh
lyrics: Pradeep music: O.P. Nayyar

चल अकेला, चल अकेला, चल अकेला
तेरा मेला पीछे छूटा राही चल अकेला

हज़ारों मील लम्बे रास्ते तुझको बुलाते
यहाँ दुखड़े सहने के वास्ते तुझको बुलाते
है कौन सा वो इंसान यहाँ पे जिस ने दुख ना झेला
चल अकेला ...

तेरा कोई साथ न दे तो तू ख़ुद से प्रीत जोड़ ले
बिछौना धरती को करके अरे आकाश ओढ़ ले
पूरा खेल अभी जीवन का तूने कहाँ है खेला
चल अकेला ...

film: Mr. X in Bombay singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

मेरे महबूब क़यामत होगी
आज रुसवा तेरी गलियों में मुहब्बत होगी

नाम निकलेगा तेरे ही लब से
जान जब इस दिल-ए-नादान से रुखसत होगी
मेरे महबूब ...

तेरी गली मैं आता सनम
नग़मे वफ़ा के गाता सनम
तुझ से सुना ना जाता सनम
अब आ पहुंचा आया हूँ मगर
ये कह कर मैं दीवाना
ख़त्म अब आज ये वहशत होगी
आज रुसवा ...

मेरे सनम के दर से अगर
बद-ए-सबा हो तेरा गुज़र
कहना सितमगर कुछ है खबर

टूटे हुए ख़्वाबों ने, हमको ये सिखाया है
दिल ने, दिल ने जिसे पाया था, आँखों ने गंवाया है
टूटे हुए ख़्वाबों ने

हम ढूँढते हैं उनको, जो मिलके नहीं मिलते
रुठे हैं न जाने क्यूँ, (मेहमान मेरे दिल के - २)
क्या अपनी तमन्ना थी, क्या सामने आया है
दिल ने, दिल ने ...
टूटे हुए ...

लौट आई सदा मेरी, टकरा के सितारों से
उजड़ी हुई दुनिया के, (सुनसान किनारों से - २)
पर अब ये तड़पना भी, कुछ काम न आया है
दिल ने, दिल ने ...
टूटे हुए ...

film: Dil Ek Mandir singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

याद न जाए, बीते दिनों की
जाके न आये जो दिन, दिल क्यूँ बुलाए, उन्हें
दिल क्यों बुलाए
याद न जाये ...

दिन जो पखेरू होते, पिंजरे में मैं रख देता - २
पालता उनको जतन से
पालता उनको जतन से, मोती के दाने देता
सीने से रहता लगाए
याद न जाए ...

तस्वीर उनकी छुपाके, रख दूँ जहां जी चाहे - २
मन में बसी ये सूरत
मन में बसी ये सूरत, लेकिन मिटे न मिटाए
कहने को है वो पराए
याद न जाए ...

film: Guide singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

क्या से क्या हो गया
बेवफ़ा ऽऽऽ
तेरे प्यार में
चाहा क्या क्या मिला
बेवफ़ा ऽऽऽ
तेरे प्यार में

चलो सुहाना भरम तो टूटा
जाना के हुस्न क्या है
हो ओ ओ
चलो सुहाना भरम तो टूटा
जाना के हुस्न क्या है
कहती है जिसको प्यार दुनिया
क्या चीज़ क्या बला है
दिल ने क्या ना सहा
बेवफ़ा ऽऽऽ
तेरे प्यार में
चाहा क्या ...

तेरे मेरे दिल के बीच अब तो
सदियों के फ़ासले हैं
हो ओ ओ
तेरे मेरे दिल के बीच अब तो
सदियों के फ़ासले हैं
यक़ीन होगा किसे कि हम तुम इक राह संग चले हैं
होना है और क्या
बेवफ़ा ऽऽऽ
तेरे प्यार में
चाहा क्या ...

film: Barsaat singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

मैं ज़िंदगी में हरदम रोता ही रहा हूँ
रोता ही रहा हूँ, तड़पता ही रहा हूँ
मैं ज़िंदगी ...

उम्मीद के दिये बुझे दिल में है अंधेरा
जीवन का साथी न बना कोई भी मेरा
फिर किसके लिये

film: Dil Deke Dekho singer: Asha, Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Usha Khanna

कौन ये आया महफ़िल में
बिजली सी चमकी दिल में
उजला मुखड़ा काला तिल
होंठ गुलाबी जैसे दिल
रंग-ए-बदन तौबा तौबा
आँख मिली तो क्या होगा
हाय ओ ओ दिलरुबा मेरी नीता

प्यार किया है तो फिर निभाना
आज खुल के यूँ आँख मिलाना
देखता रहे ग़म ये ज़माना
हो ओ हो ओ हो ओ ओ ओ ओ ओ

तू जो है मेरी बाहों में
जलते है दीपक राहों में
खाबों की बस्ती है ज़मीं
आज है दुनिया कितनी हंसीं
दिल से दिल का साथ रहे
जीवन भर ये रात रहे
हाय ओ ओ दिलरुबा मेरी नीता

film: Dooriyan singer: Bhupinder, Anuradha Paudwal
lyrics: Sudarshan Faakir music: Jaidev

भू: ज़िंदगी ज़िंदगी मेरे घर आना - आना ज़िंदगी
ज़िंदगी मेरे घर आना - आना ज़िंदगी
अ: ज़िंदगी ओ ज़िंदगी मेरे घर आना - आना
मेरे घर आना
अ/भू: ज़िंदगी ज़िंदगी मेरे घर आना - आना ज़िंदगी

भू: मेरे घर का सीधा सा इतना पता है
ये घर जो है चारों तरफ़ से खुला है
न दस्तक ज़रूरी, ना आवाज़ देना
मेरे घर का दरवाज़ा कोई नहीं है
हैं दीवारें गुम और छत भी नहीं है
बड़ी धूप है दोस्त
खड़ी धूप है दोस्त
तेरे आंचल का साया चुरा के जीना है जीना
जीना ज़िंदगी, ज़िंदगी
अ: ओ ज़िंदगी मेरे घर आना
अ/भू: आना ज़िंदगी - ज़िंदगी मेरे घर आना

अ: मेरे घर का सीधा सा इतना पता है
मेरे घर के आगे मुहब्बत लिखा है
न दस्तक ज़रूरी, न आवाज़ देना
मैं सांसों की रफ़्तार से जान लूंगी
हवाओं की खुशबू से पहचान लूंगी
तेरा फूल हूँ दोस्त
तेरी भूल हूँ दोस्त
तेरे हाथों में चेहरा छुपा के जीना है जीना
जीना ज़िंदगी, ज़िंदगी
भू: ओ ज़िंदगी मेरे घर आना
अ/भू: आना ज़िंदगी - ज़िंदगी मेरे घर आना

film: Annadata singer: Mukesh
lyrics: Yogesh music: Salil Choudhary

नैन हमारे सांझ सकारे
देखें लाखों सपने
सच ये कहनी
होंगे या नहनी
कोई जाने ना
कोई जाने ना यहाँ

मन ये कहे दुखी न हो ग़मों से हार के
लिखते रहे जो आँसुओं से गीत प्यार के
गीत वो चाहे रोए कोई हँस के गाए
सच ये कहनी ...

सुनते रहे बहारों की जो रोज आहटें
चुनते रहे लबों पे हम तो मुस्कुराहटें
दिल में दबाए लाखों अरमान जो हाय
सच ये कहनी ...

film: Madhumati singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: Salil Chaudhary

प्यार हो तो कह दो यस ... - २

हम और तुम और ये समा
क्या नशा नशा सा है
बोलिये न बोलिये
सब सुना सुना सा है

आज बात बात पे
आप क्यूँ मचलने लगे
थरथराए होंठ क्यूँ
अश्क़ क्यूँ मचलने लगे
लिपटे गेसू खुलने लगे - २

हम और तुम ...

बेक़रार से हो क्यूँ
हमको पास आने भी दो
गिर पड़ा जो हाथ से
वह रुमाल उठाने भी दो
बनते क्यूँ हो जाने भी दो - २

हम और तुम ...

film: Dil Deke Dekho singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Usha Khanna

राही मिल गये राहों में, बातें हुई निगाहों में
दिल समझा हम समझे इक़रार हो गया
वल्लाह प्यार हो गया प्यार हो गया
अब तो प्यार हो गया प्यार हो गया

कोई चला जाएगा
फिर कोई पछताएगा
जागेंगे सोए सोए
रातों को खोए खोए
कोई था उनपे निसार हो गया
वल्लाह प्यार हो गया ...

जो हुआ सो हुआ
दर्द मिले या दवा
उल्फ़त में काहेका गम
जो होगा देखेंगे हम
होना था दिल को क़रार हो गया
अब तो प्यार हो गया ...

film: Dil Deke Dekho singer: Asha, Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Usha Khanna

यार चुलबुला है हंसीं दिलरुबा है
झूठ बोलता है मगर ज़रा ज़रा
तो बोलो जी
फिर क्या करे दीवाना

ये किसे पता है ये हुस्न की अदा है
तुमको दिल दिया है मगर ज़रा ज़रा
तो देखो जी
धोखे में आ न जाना

छोड़ो शरारत शबाब के हैं दिन
बचपन के शायद जनाब के हैं दिन
बस इसी अदा पे हम सनम तुम्हारे हो लिये
किस तरह यक़ीं हमको आए ये तो बोलिये
तो सुन लो तो सुन लो तो सुन-सुन-सुन-सुन-सुन
तो सुन लो जी
कहता क्या ज़माना
यार चुलबुला है ...

उलझे से बालों का है ये हाल क्या
तुमने जो देख तो आ गया नशा
चल रहा है तीर-ए-दिल बचाइये बचाइये
पहले नैनों की झुकी कमान तो उठाइये
तो देखो तो देखो तो दे-दे-दे-दे-दे
तो देखो जी
दिल हो गया निशाना

यार चुलबुला है ...

में कैसा है मज़ा

ओहोहो ... तुम भी दिल देके
जल जाना सीखो जी
आहाहा ... तुम भी दिल देके
जल जाना सीखो जी
कैसे?

दिल देके देखो ...

समझो समझो समझो
दीवाने की ज़ुबान
प्यार जो ना होता
ना होता ये जहां

ओहोहो ... तुम भी दिल देके
ये गाना सीखो जी
आहाहा ... तुम भी दिल देके
ये गाना सीखो जी
क्या?

दिल देके देखो ...

बड़े हैं दिल के काले
हाँ यही नीली सी आँखों वाले
सूरत बुरी हो
बुरा नहीं दिल मेरा
ना हो यक़ीन आज़मा ले

मेरी जान वाह वाह वाह ...
मेरी जान वाह वाह वाह वाह
बड़े है ...

जैसे भले हो सब है खबर
शेर-ओ-शरारत की ये नज़र
आँखों में आँखें डालके हम
हो गये अब तो जाने जिगर
हाँ हमको बड़े बड़े ढूँढ के हारे
ढूँढ ही लाएंगे दिल के सहारे
आप किसीके भी हैं, वाह जी वाह

खुल जायेगा हाल तुम पे दिल-ए-बेक़रार का
नैनो से नैन मिलाके देखो तो ज़रा

रोक भी लो अब अपनी ज़ुबान
वरना क़यामत होगी यहाँ
हम भी क़यामत से नहीं कम
जाओगे बचके दूर कहाँ
हाँ यहीं तो थे अभी आप किधर गये
समझो हमें हम जान से गुज़र गये
जीतेजी मर गये, वाह जी वाह
मरना मेरी ज़िंदगी है दीवाना हूँ प्यार का
तुम भी एक दिन आज़माँ के देखो तो ज़रा

बोलो बोलो कुछ तो बोलो, गुस्सा छोड़ो दिल न तोड़ो
प्यार हो तो कह दो यस, प्यार नहीं तो कह दो नो
फिर जो हो हो सो हो, फिर जो हो हो सो हो, हाय
प्यार हो तो कह दो या...ह

आपकी अदाओं का हिसाब नहीं
लाखों में हमारा भी जवाब नहीं
कम नहीं तुम, कम नहीं तुम, सोचो ज़रा

बोलो बोलो कुछ तो बोलो, गुस्सा छोड़ो दिल न तोड़ो
ऐसे न आंचल बचालो सनम
प्यार हो तो कह दो यस ...

काहे को नज़र घबराई सी है
महफ़िल भी है तनहाई भी है
रुके रुके तुम, रुके रुके हम, सोचो ज़रा

बोलो बोलो कुछ तो बोलो, गुस्सा छोड़ो दिल न तोड़ो
अब तो निगाहें मिला लो सनम
प्यार हो तो कह दो यस ...

कहाँ चले जी ज़रा हाल सुनो
किसी दिलवाले का सवाल सुनो
डरे डरे तुम, डरे डरे हम, सोचो ज़रा

बोलो बोलो कुछ तो बोलो, गुस्सा छोड़ो दिल न तोड़ो
ठोकर लगे ना सम्भालो सनम

film: Bheegee Raat singer: Rafi lyrics: Sahir music: Roshan

दिल जो ना कह सका
वोही राज़-ए-दिल कहने की रात आई
दिल जो ना कह सका

तौबा ये किस ने अंजुमन सजा के
टुकड़े किये हैं गुंच-ए-वफ़ा के - २
उछालो गुलों के टुकड़े
के रंगीं फ़िज़ाओं में रहने की रात आई
दिल जो ना कह सका

चलिये मुबारक ये जश्न दोस्ती का
दामन तो थामा आप ने किसी का - २
हमें तो खुशी यही है
तुम्हें भी किसी को अपना कहने की रात आई
दिल जो ना कह सका

सागर उठाओ दिल का किस को ग़म है
आज दिल की क़ीमत जाम से भी कम है - २
पियो चाहे खून-ए-दिल हो
के पीते पिलाते ही रहने की रात आई
दिल जो ना कह सका

film: Shri 420 singer: Manna Dey
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

दिल का हाल सुने दिलवाला
सीधी सी बात न मिर्च मसाला
कहके रहेगा कहनेवाला
दिल का हाल सुने दिलवाला

छोटे से घर में गरीब का बेटा
मैं भी हूँ माँ के नसीब का बेटा (२)
रन्ज-ओ-ग़म बचपन के साथी
आँधियों में जली जीवन बाती
भूख ने हैं बड़े प्यार से पाला
दिल का हाल सुने दिलवाला

(हाय करूँ क्या सूरत ऐसी
गांठके पूरे चोर के जैसी - २)
चलता फिरता जानके एक दिन
बिना देखे पहचान के एक दिन
बांधके ले गया पुलिसवाला
दिल का हाल सुने दिलवाला

बूढ़े दारोगा ने चश्मे से देखा (२)
आगे से देखा पीछे से देखा
ऊपर से देखा नीचे से देखा
बोला ये क्या कर बैठे घोटाला
हाय ये क्या कर बैठे घोटाला
ये तो है थानेदार का साला,
दिल का हाल सुने दिलवाला

ग़म से अभी आज़ाद नहीं मैं
खुश मगर आबाद नहीं मैं (२)
मंज़िल मेरे पास खड़ी है
पाँव में लेकिन बेड़ी पड़ी है
टांग देता है दौलतवाला,
दिल का हाल सुने दिलवाला

सुन लो मगर ये किसी से न कहना
तिनके का लेके सहारा न बहना (२)
बिन मौसम्मल हार न गाना
आधी रात को मच्चिल लाना
वरना पकड़ लेगा पुलिसवाला
दिल का हाल सुने दिलवाला

film: Dil Deke Dekho singer: Asha, Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Usha Khanna

दिल देके देखो, दिल देके देखो
दिल देके देखो जी
दिल लेने वालों, दिल देना सीखो जी
हो ... दिल लेने वालों
दिल देना सीखो जी

पूछो पूछो पूछो
परवाने से ज़रा
धीरे धीरे जलने

ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल जहां कोई न हो
अपना पराया मेहरबां ना-मेहरबां कोई न हो
ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल

जा कर कहीं खो जाऊँ मैं, नींद आए और सो जाऊँ मैं
नींद आए और सो जाऊँ मैं
दुनिया मुझे ढूंढे मगर मेरा निशां कोई न हो
ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल

उल्फ़त का बदला मिल गया, वो ग़म लुटा वो दिल गया
वो ग़म लुटा वो दिल गया
चलना है सब से दूर दूर अब कारवां कोई न हो
अपना पराया मेहरबां ना-मेहरबां कोई न हो
ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल जहां कोई न हो

film: Mere Sanam singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

पुकारता चला हूँ मैं
गली गली बहार की
बस एक छाँव ज़ुल्फ़ की
बस इक निगाह प्यार की
पुकारता चला हूँ मैं

ये दिल्लगी ये शोखियाँ सलाम की
यहीं तो बात हो रही है काम की
कोई तो मुड़ के देख लेगा इस तरफ़
कोई नज़र तो होगी मेरे नाम की
पुकारता चला हूँ मैं

सुनी मेरी सदा तो किस यक़ीन से
घटा उतर के आ गयी ज़मीन पे
रही यही लगन तो ऐ दिल-ए-जवाँ
असर भी हो रहेगा इक हसीन पे
पुकारता चला हूँ मैं

film: Phir Wohi Dil Laya Hoon singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

आंचल में सजा लेना कलियाँ, ज़ुल्फ़ों में सितारे भर लेना
ऐसे ही कभी जब शाम ढले, तब याद हमें भी कर लेना
आंचल में सजा लेना कलियाँ

आया था यहां बेगाना सा
आया था यहां बेगाना सा, चल दूंगा कहीं दीवाना सा
चल दूंगा कहीं दीवाना सा
दीवाने की खातिर तुम कोई, इल्ज़ाम ना अपने सर लेना
ऐसे ही कभी जब शाम ढले, तब याद हमें भी कर लेना
आंचल में सजा लेना कलियाँ

रस्ता जो मिले अंजान कोई
रस्ता जो मिले अंजान कोई, आ जाए अगर तूफ़ान कोई
आ जाए अगर तूफ़ान कोई
अपने को अकेला जान के तुम
आँखों में न आंसू भर लेना
ऐसे ही कभी जब शाम ढले, तब याद हमें भी कर लेना
आंचल में सजा लेना कलियाँ

film: Teen Deviyan singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

ऐसे तो न देखो, के हमको नशा हो जए
ख़ूबसूरत सी कोई हमसे ख़ता हो जाए (२)
ऐसे तो न देखो

तुम हमें रोको फिर भी हम ना रुकें
तुम कहो काफ़िर फिर भी ऐसे झुकें
क़दम-ए-नाज़ पे इक सजदा अदा हो जाये
ऐसे तो न देखो

यूँ न हो आँखे रहें काजल घोलें
बढ़ के बेखुदी हंसीं गेसू खोलें
खुल के फिर ज़ुल्फ़ें सियाह काली बला हो जाये
ऐसे तो न देखो

हम तो मस्ती में जाने क्या क्या कहें
लब-ए-नाज़ुक से ऐसा न हो तुम्हें
बेक़रारी का गिला हम से सिवा हो जाये
ऐसे तो न देखो

सितम ढाये दुनिया
मगर तू किसी की तमन्ना किये जा
उठाये जा उन के सितम और जिये जा
यूँ ही मुस्कुराए जा आँसू पिये जा
उठाये जा उन के सितम ...

film: Paying Guest singer: Asha, Kishore
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

आ: छोड़ दो आंचल ज़माना क्या कहेगा
छोड़ दो आंचल ज़माना क्या कहेगा
क: (इन अदाओं का ज़माना भी हैं दीवाना
दीवाना क्या कहेगा) - (२)
आ: छोड़ दो आंचल ज़माना क्या कहेगा

आ: मैं चली
मैं चली अब खूब छेड़ो प्यार के अफ़साने
कुछ मौसम हैं दीवाना कुछ तुम भी हो दीवाने (२)
क: ज़रा सुनना जान-ए-तमन्ना (२)
इतना तो सोचिये मौसम सुहाना क्या कहेगा
आ: छोड़ दो आंचल ...

आ: यूँ न देखो जाग जाए प्यार की अंगड़ाई
ये रस्ता ये तनहाई लो दिल ने ठोकर खाई
क: यही दिन हैं मस्ती के सिन हैं (२)
किसको ये होश है अपना बेगाना क्या कहेगा
आ: छोड़ दो आंचल ...

आ: ये बहारें ये फुवारें ये बरसता सावन
थर थर काँपे हैं तन मन मेरी बय्याँ धर लो साजन
क: अजी आना दिल में समाना (२)
एक दिल एक जान हैं हम तुम ज़माना क्या कहेगा
आ: छोड़ दो आंचल ...

film: Paying Guest singer: Lata lyrics: music: S.D. Burman

चांद फिर निकला, मगर तुम न आये
जला फिर मेरा दिल, करुँ क्या मैं हाय
चांद फिर निकला ...

(ये रात कहती है वो दिन गये तेरे
ये जानता है दिल के तुम नहीं मेरे) - २
खड़ी मैं हूँ फिर भी निगाहें बिछाये
मैं क्या करूँ हाय के तुम याद आये
चांद फिर निकला ...

(सुलगते सीने से धुंआ सा उठता है
लो अब चले आओ के दम घुटता हैं) - २
जला गये तन को बहारों के साये
मैं क्या करुँ हाय के तुम याद आये
चांद फिर निकला ...

film: Foot Path singer: Talat Mahmood
lyrics: Sardar Jafri, Majrooh music: Khaiyyam

शाम-ए-ग़म की क़सम आज ग़मगीं हैं हम
आ भी जा आ भी जा आज मेरे सनम
शाम-ए-ग़म की क़सम
दिल परेशान हैं रात वीरान हैं
देख जा किस तरह आज तनहा हैं हम
शाम-ए-ग़म की क़सम

चैन कैसा जो पहलू में तू ही नहीं
मार डाले न दर्द-ए-जुदाई कहीं
रुत हंसीं हैं तो क्या चाँदनी है तो क्या
चाँदनी ज़ुल्म है और जुदाई सितम
शाम-ए-ग़म की क़सम

अब तो आजा के अब रात भी सो गई
ज़िन्दगी ग़म के सेहराव में खो गई (२)
ढूंढती हैं नज़र तू कहां हैं मगर
देखते देखते आया आँखों में ग़म
शाम-ए-ग़म की क़सम

film: Arzoo (old) singer: Talat Mahmood
lyrics: Majrooh music: Anil Biswas

film: Naam singer: Pankaj Udhas
lyrics: Anand Bakshi ? music: Laxmikant, Pyarelal

चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है -२
चिट्ठी है वतन से चिट्ठी आयी है
बड़े दिनों के बाद, हम बेवतनों को याद -२
वतन की मिट्टी आई है, चिट्ठी आई है ...

ऊपर मेरा नाम लिखा हैं, अंदर ये पैगाम लिखा हैं -२
ओ परदेस को जाने वाले, लौट के फिर ना आने वाले
सात समुंदर पार गया तू, हमको ज़िंदा मार गया तू
खून के रिश्ते तोड़ गया तू, आँख में आँसू छोड़ गया तू
कम खाते हैं कम सोते हैं, बहुत ज़्यादा हम रोते हैं, चिट्ठी ...

सूनी हो गई शहर की गलियाँ, कांटे बन गई बाग की कलियाँ - २
कहते हैं सावन के झूले, भूल गया तू हम नहीं भूले
तेरे बिन जब आई दीवाली, दीप नहीं दिल जले हैं खाली
तेरे बिन जब आई होली, पिचकारी से छूटी गोली
पीपल सूना पनघट सूना घर शमशान का बना नमूना -२
फ़सल कटी आई बैसाखी, तेरा आना रह गया बाकी, चिट्ठी ...

पहले जब तू ख़त लिखता था कागज़ में चेहरा दिखता था - २
बंद हुआ ये मेल भी अब तो, खतम हुआ ये खेल भी अब तो
डोली में जब बैठी बहना, रस्ता देख रहे थे नैना -२
मैं तो बाप हूँ मेरा क्या है, तेरी माँ का हाल बुरा है
तेरी बीवी करती है सेवा, सूरत से लगती हैं बेवा
तूने पैसा बहुत कमाया, इस पैसे ने देश छुड़ाया
पंछी पिंजरा तोड़ के आजा, देश पराया छोड़ के आजा
आजा उमर बहुत है छोटी, अपने घर में भी हैं रोटी, चिट्ठी ...

film: Golmaal singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

आने वाला पल जाने वाला है
हो सके तो इस में
ज़िंदगी बिता दो
पल जो ये जाने वाला है

एक बार यूँ मिली, मासूम सी कली (२)
खिलते हुए कहा
खुश पाश मैं चली
देखा तो यहीं हैं
ढूँढा तो नहीं हैं
पल जो ये जाने वाला हैं

ओ हो
आने वाला पल जाने वाला हैं
हो सके तो इस में, ज़िंदगी बिता दो
पल जो ये जाने वाला हैं

एक बार वक़्त से, लमहा गिरा कहीं (२)
वहाँ दास्तां मिली
लमहा कहीं नहीं
थोड़ा सा हँसाके
थोड़ा सा रुलाके
पल ये भी जाने वाला हैं

ओ हो
आने वाला पल जाने वाला हैं
हो सके तो इस में, ज़िंदगी बिता दो
पल जो ये जाने वाला हैं

film: Andaz singer: Lata
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

(उठाए जा उन के सितम और जिये जा
यूँ ही मुस्कुराए जा आँसू पिये जा) - २
उठाए जा उन के सीतम ...

यही है मुहब्बत का दस्तूर ऐ दिल, दस्तूर ऐ दिल
वो गम दे तुझे तू दुआएं दिये जा
उठाये जा उन के सितम ...

कभी वो नज़र जो समाई थी दिल में
समाई थी दिल में
उसी एक नज़र का सहारा लिये जा
उठाए जा उन के सितम ...

सताए ज़माना या सितम ढाये दुनिया

नया ख़ून है नई उमंगें, अब है नई जवानी

हम को कितने ताजमहल हैं और बनाने
कितने हैं अजंता हम को और सजाने
अभी पलटना है रुख कितने दरियाओं का
कितने पर्वत राहों से हैं आज हटाने
?

आओ मेहनत को अपना ईमान बनाएं
अपने हाथों से अपना भगवान बनाएं
राम की इस धरती को गौतम कि भूमी को
सपनों से भी प्यारा हिंदुस्तान बनाएं
?

दाग गुलामी का धोया है जान लुटा के
दीप जलाए हैं ये कितने दीप बुझा के
ली है आज़ादी तो फिर इस आज़ादी को
रखना होगा हर दुश्मन से आज बचा के
?

हर ज़र्रा है मोती आँख उठाकर देखो
मिट्टी में सोना है हाथ बढ़ाकर देखो
सोने कि ये गंगा है चांदी की जमुना
चाहो तो पत्थर पे धान उगाकर देखो
?

film: Parinay singer: Sharma Bandhu lyrics: music: Jaidev

जैसे सूरज की गर्मी से जलते हुए तन को
मिल जाये तरुवर कि छाया
ऐसा ही सुख मेरे मन को मिला है
मैं जबसे शरण तेरी आया, मेरे राम

भटका हुआ मेरा मन था कोई
मिल ना रहा था सहारा
लहरों से लड़ती हुई नाव को
जैसे मिल ना रहा हो किनारा, मिल ना रहा हो किनारा
उस लड़खड़ाती हुई नाव को जो
किसी ने किनारा दिखाया
ऐसा ही सुख ...

शीतल बने आग चंदन के जैसी
राघव कृपा हो जो तेरी
उजियाली पूनम की हो जाएं रातें
जो थीं अमावस अंधेरी, जो थीं अमावस अंधेरी
युग-युग से प्यासी मरुभूमि ने
जैसे सावन का संदेस पाया
ऐसा ही सुख ...

जिस राह की मंज़िल तेरा मिलन हो
उस पर कदम मैं बढ़ाऊं
फूलों में खारों में, पतझड़ बहारों में
मैं न कभी डगमगाऊं, मैं न कभी डगमगाऊं
पानी के प्यासे को तक़दीर ने
जैसे जी भर के अमृत पिलाया
ऐसा ही सुख ...

film: Mr. and Mrs. 55 singer: Rafi, Geeta Dutt
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

जाने कहाँ मेरा जिगर गया जी
अभी अभी यहीं था किधर गया जी
किसी की अदाओं पे मर गया जी
बड़ी बड़ी अंखियों से डर गया जी

कहीं मारे डर के चूहा तो नहीं हो गया
कोने कोने देखा न जाने कहाँ खो गया
यहाँ उसे लाए काहे को बिना काम रे
जल्दी जल्दी ढूंढो के होने लगी शाम रे

सच्ची सच्ची कह दो दिखाओ नहीं चाल रे
तूने तो नहीं हैं चुराया मेरा माल रे
ऐसे नहीं चोरी खुलेगी तकरार से
चलो चलो थाने बताएं जमादार से

कोइ उल्फ़त की नज़र ज़रा फेर दे
लेले दो चार आने जिगर मेरा छेड़ दे
बातें हैं नज़र की नज़र से समझाऊंगी
पहले पड़ो पइयां तो फिर बतलाऊंगी

कारवाँ गुज़र गया गुब्बार देखते रहे

film: Mehboob Ki Menhdi singer: Rafi
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

ये जो चिलमन है दुश्मन है हमारी - २
बड़ी शर्मीली, बड़ी शर्मीली दुल्हन है हमारी

दूसरा और कोई यहां क्यूँ रहे - २
हुस्न और इश्क़ के दरमियां क्यूँ रहे
दरमियां क्यूँ रहे
ये यहां क्यूँ रहे
हां जी हां क्यूँ रहे
ये जो आंचल है शिकवा है हमारा
क्यूँ छुपता है चेहरा ये तुम्हारा
ये जो ...

कैसे दीदार-ए-आशिक़ तुम्हारा करे
रूखे रोशन का कैसे नज़ारा करे
हां नज़ारा करे
हो इशारा करे
हां पुकारा करे
ये जो गेसू हैं बादल हैं क़सम से
कैसे बिखरे है गालों पे सनम के
ये जो ...

रुख से परदा ज़रा जो सरकने लगा
उफ़ ये कम्बख्त दिल क्यूँ मचलने लगा
क्यूँ मचलने लगा - २
हां तड़पने लगा
... ???? ...

film: Teesri Manzil singer: Asha
lyrics: Majrooh music: R.D. Burman

ओ मेरे सोना रे सोना रे सोना रे
दे दूंगी जान जुदा मत होना रे
(मैने तुझे ज़रा देर में जाना
हुआ कुसूर खफ़ा मत होना रे) - २
ओ मेरे सोना रे सोना रे सोना रे

ओ मेरी बाँहों से निकलके
तू अगर मेरे रस्ते से हट जाएगा
तो लहराके, हो बलखाके
मेरा साया तेरे तन से लिपट जाएगा
तुम छुड़ाओ लाख दामन
छोड़ते हैं कब ये अरमां
कि मैं भी साथ रहूंगी रहोगे जहां
ओ मेरे ...

ओ मियां हमसे न छिपाओ
वो बनावट कि सारी अदाएं लिये
कि तुम इसपे हो इतराते
कि मैं पीछे हूं सौ इल्तिज़ाएं लिये
जी मैं खुश हूँ मेरे सोना
झूठ है क्या, सच कहो ना
कि मैं भी साथ रहूंगी रहोगे जहां
ओ मेरे ...

ओ फिर हमसे न उलझना
नहीं लट और उलझन में पड़ जाएगी
ओ पछताओगी कुछ ऐसे
कि ये सुरखी लबों की उतर जाएगी
ये सज़ा तुम भूल न जाना
प्यार को ठोकर मत लगाना
कि चला जाऊंगा फिर मैं न जाने कहां
ओ मेरे ...

film: Hum Hindustani singer: Mukesh
lyrics: music: Usha Khanna

छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी
नए दौर में लिखेंगे, मिल कर नई कहानी
हम हिंदुस्तानी, हम हिंदुस्तानी

आज पुरानी ज़ंजीरों को तोड़ चुके हैं
क्या देखें उस मंज़िल को जो छोड़ चुके हैं
चांद के दर पर जा पहुंचा है आज ज़माना
नए जगत से हम भी नाता जोड़ चुके हैं

बड़ा कमज़ोर है आदमी
अभी लाखों हैं इसमें कमीं
पर तू जो खड़ा
है दयालू बड़ा
तेरी कृपा से धरती थमी
दिया तूने जो हमको जनम
तू ही झेलेगा हम सबके ग़म
नेकी पर चलें ...

ITRANS Song Book: 26.s

film: Utsav singer: Suresh Wadkar
lyrics: Vasant Dev music: Laxmikant, Pyarelal

सांझ ढले गगन तले
हम कितने एकांति

सांझ ढले गगन तले
हम कितने एकांति
छोड़ चले नैनो को
किरणों के पंथी

पथ की जाली से झांक रही थीं कलियाँ - २
गंध भरी गुनगुन में मगन हुई थीं कलियाँ
इतने में टिमिर दस सपने ले नयनो में
कलियों के आँसुओं का कोई नहीं साथी
छोड चले नयनो को
किरणों के पंथी
सांझ ढले गगन तले ...

जुगनू का पट ओढ़े आयेगी रात अभी - २
निशिगंधा के सुर में कह देगी बात सभी
कपत है मन जैसे डाली अम्बवा की
छोड़ चले नयनो को
किरणों के पंथी
सांझ ढले गगन तले ...

ITRANS Song Book: 27.s

film: Nai Umr Ki Nai Fasal singer: Rafi
lyrics: Neeraj music: Roshan

स्वप्न झड़े फूल से, मीत चुभे शूल से
लुट गये श्रृंगार सभी, बाग के बबूल से
और हम खड़े खड़े, बहार देखते रहे
कारवाँ गुज़र गया, गुबार देखते रहे

आँख भी खुली न थी कि हाय धूप ढल गई
पाँव जब तलक़ उठे कि ज़िंदगी फ़िसल गई
पात पात झड़ गए कि शाख-शाख जल गई
चाह तो निकल सकी (न पर उमर निकल गई) - २)
गीत अश्क बन गए, स्वप्न हो दफ़न गए
साथ के सभी दिये, धुआं पहन-पहन गए
और हम झुके-झुके, मोड़ पर रुके-रुके
उम्र की चढ़ाव का उतार देखते रहे, कारवाँ गुज़र ...

क्या शबाब था कि फूल फूल प्यार कर उठा
क्या कमाल था कि देख आइना सिहर उठा
इस तरफ़ ज़मीन और आसमान उधर उठा
थामकर जिगर उठा (कि जो मिला नज़र उठा) - २)
पर तभी यहाँ मगर, ऐसी कुछ हवा चली
लुट गई कली कली कि घुट गई गली गली
और हम लुटे-लुटे, वक़्त से पिटे-पिटे
शाम की शराब का ख़ुमार देखते रहे, कारवाँ गुज़र ...

हाथ थे मिले के ज़ुल्फ़ चाँद की सवार दूँ
होंठ थे खुले के हर बहार को पुकार लूँ
दर्द था दिया गया के हर दुखी को प्यार दूँ
और साँस यूँ के स्वर्ग, (भूमि पर उतार दूँ - २)
हो सका न कुछ मगर, शाम बन गई सहर
वो उठी लहर के ढह गये किले बिखर बिखर
और हम डरे डरे, नीर नैन में भरे
ओढ़ कर कफ़न पड़े मज़ार देखते रहे, कारवाँ गुज़र ...

माँग भर चली के एक जब नई नई किरन
ढोल से धुनक उठी ठुमक उठे चरण चरण
शोर मच गया के लो चली दुल्हन चली दुल्हन
गाँव सब उमड़ पड़ा, (बहक उठे नयन नयन - २)
पर तभी ज़हर भरी गाज एक वह गिरी
पूंछ गया सिंदूर तार तार हुई चुनरी
और हम अजान से, दूर के मकान से
पालकी लिये हुये कहार देखते रहे, कारवाँ गुज़र ...

स्वपन झड़े फूल से, मीत चुभे शूल से
लुट गये श्रृंगार सभी बाग के बबूल से
और हम खड़े खड़े बहार देखते रहे

जहाँ सत्य, अहिंसा और धर्म का
पग-पग लगता डेरा
वो भारत देश है मेरा

ये धरती वो जहां ऋषि मुनि
जपते प्रभु नाम की माला
जहां हर बालक एक मोहन है
और राधा हर एक बाला
जहां सूरज सबसे पहले आ कर
डाले अपना फेरा
वो भारत देश है मेरा

अलबेलों की इस धरती के
त्योहार भी है अलबेले
कहीं दीवाली की जगमग है
कहीं हैं होली के मेले
जहां राग रंग और हँसी खुशी का
चारो और है घेरा
वो भारत देश है मेरा

जहां आसमान से बाते करते
मंदिर और शिवाले
जहां किसी नगर मे किसी द्वार पर
कोई न ताला डाले
प्रेम की बंसी जहां बजाता
है ये शाम सवेरा
वो भारत देश है मेरा ...

film: Chashme Baddoor singer: Yesudas, Haimanti Sukla
lyrics: Indu Jain music: Rajkamal

कहां से आए बदरा
धुलता जाए कजरा
कहां से आए बदरा
धुलता जाए कजरा

पलकों के सतरंगे दीपक
बन बैठे आँसू कि झालर
मोती का अनमोलक हीरा
मिट्टी मे जा फिसला
कहां से आए बदरा ...

नींद पिया के संग सिधारी
सपनों कि सूखी फुलवारी
अमृत होठों तक आते ही
जैसे विष में बदला
कहां से आए बदरा ...

उतरे मेघ या फिर छाये
निर्दय झोंके अगन बढ़ाये
बरसे हैं अब तोसे सावन
रोए मन है पगला
कहां से आये बदरा ...

film: Do Ankhen Bara Hath singer: Manna Dey, Lata
lyrics: Bharat Vyas music: Vasant Desai

ऐ मालिक तेरे बंदे हम
ऐसे हो हमारे करम
नेकी पर चलें
और बदी से टलें
ताकि हंसते हुये निकले दम

जब ज़ुल्मों का हो सामना
तब तू ही हमें थामना
वो बुराई करें
हम भलाई भरें
नहीं बदले की हो कामना
बढ़ उठे प्यार का हर कदम
और मिटे बैर का ये भरम
नेकी पर चलें ...

ये अंधेरा घना छा रहा
तेरा इनसान घबरा रहा
हो रहा बेखबर
कुछ न आता नज़र
सुख का सूरज छिपा जा रहा
है तेरी रोशनी में वो दम
जो अमावस को कर दे पूनम
नेकी पर चलें ...

जो अदा वो बहार है
आज दिल की बेकली, आ गई ज़बान पर
बात ये है तुमसे प्यार है
दिल तुम्हीं को दिया रे
प्यार का राग सुनो रे ...
दिल का भंवर ...

चाहे तुम मिटाना, पर न तुम गिराना
आँसू की तरह निगाह से
प्यार कि उँचाई
इश्क़ कि गहराई
पूछ लो हमारी आह से
आसमां छू लिया रे
प्यार का राग सुनो रे
दिल का भंवर ...

इस हसीन दर पे हम न बैठे हार के
साया बन के साथ हम चले
आज मेरे संग तो गूंजे दिल की आरज़ू
आँख से आँख जब मिले
जाने क्या कर दिया रे
प्यार का राग सुनो ...

film: Alaap singer: Yesudas
lyrics: Harivansh Rai Bachchan music: Jaidev

कोई गाता मैं सो जाता - २

संस्रिति के विस्त्रित सागर में
सपनों कि नौका के अंदर
दुख सुख कि लहरों में उठ गिर
बहता जाता, मैं सो जाता ...

आँखो में लेकर प्यार अमर
आशीश हथेली में भर कर
कोइ मेरा सर गोदी में रख
सहलाता, मैं सो जाता ...

मेरे जीवन का काराजल
मेरे जीवन का हालाहल
कोइ अपने स्वर में मदुमय कर
दोहराता मैं सो जाता

कोइ गाता मैं सो जाता ...

film: Boond Jo Ban Gai Moti singer: Mukesh
lyrics: Bharat Vyas music: Satish Bhatia

ये कौन चित्रकार है ये कौन चित्रकार

हरी भरी वसुंधरा पर नीला नीला ये गगन
के जिसपे बादलों की पालकी उड़ा रहा पवन
दिशाएं देखो रंग भरी
दिशाएं देखो रंग भरी चमक रहीं उमंग भरी
ये किसने फूल फूल से किया श्रृंगार है
ये कौन चित्रकार है ये कौन चित्रकार

कुदरत की इस पवित्रता को तुम निहार लो
इनके गुणों को अपने मन में तुम उतार लो
चमका दो आज लालिमा
चमका दो आज लालिमा अपने ललाट की
कण कण से झनकती तुम्हीं छबी विराट की
अपनी तो आँख एक है, इसकी हज़ार है
ये कौन चित्रकार है ये कौन चित्रकार

तपस्वियों सी हैं अटल ये पर्वतों कि चोटियाँ
ये बर्फ़ कि घुमरदार घेरदार घाटियाँ
ध्वजा से ये खड़े हुए
ध्वजा से ये खड़े हुए हैं वृक्ष देवदार के
गलीचे ये गुलाब के बगीचे ये बहार के
ये किस कवि की कल्पना
ये किस कवि की कल्पना का चमत्कार है
ये कौन चित्रकार है ये कौन चित्रकार

film: Sikandar-e-Aazam singer: Rafi
lyrics: Rajendra Krishna music: Hansraj Bahal

जहाँ डाल-डाल पर
सोने की चिड़ियां करती है बसेरा
वो भारत देश है मेरा

ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

नाज़-ओ-अंदाज़ से कहते हैं कि जीना होगा,
ज़हर भी देते हैं तो कहते हैं कि पीना होगा
जब मैं पीता हूँ तो कहतें है कि मरता भी नहीं,
जब मैं मरता हूँ तो कहते हैं कि जीना होगा
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

मज़हब-ए-इश्क़ की हर रस्म कड़ी होती है,
हर कदम पर कोई दीवार खड़ी होती है
इश्क़ आज़ाद है, हिंदू ना मुसलमान है इश्क़,
आप ही धर्म है और आप ही ईमान है इश्क़
जिससे आगाह नही शेख-ओ-बरहामन दोनो,
उस हक़ीक़त का गरजता हुआ ऐलान है इश्क़

इश्क़ ना पुच्छे दीन धरम नू, इश्क़ ना पुच्छे जाताँ
इश्क़ दे हाथों गरम लहू विच, डुबियां लख बराताँ
के ... दे इश्क़
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

राह उल्फ़त की कठिन है इसे आसाँ ना समझ
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

बहुत कठिन है डगर पनघट की
अब क्या भर लाऊँ मै जमुना से मटकी
मै जो चली जल जमुना भरन को
देखो सखी जी मै जो चली जल जमुना भरन को
नंदकिशोर मोहे रोके झाड़ों तो
क्या भर लाऊँ मै जमुना से मटकी
अब लाज राखो मोरे घूंघट पट की

जब जब कृष्ण की बंसी बाजी, निकली राधा सज के
जान अजान का मान भुला के, लोक लाज को तज के
जनक दुलारी बन बन डोली, पहन के प्रेम की माला
दर्शन जल की प्यासी मीरा पी गई विष का प्याला
और फिर अरज करी के
लाज राखो राखो राखो, लाज राखो देखो देखो,
लाज राखो राखो, हे हे हे,
लाज राखो राखो, हे हे हे,
लाज राखो राखो
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

अल्लाह रसूल का फ़रमान इश्क़ है
याने हफ़ीज़ इश्क़ है, क़ुरान इश्क़ है
गौतम का और मसीह का अरमान इश्क़ है
ये कायनात जिस्म है और जान इश्क़ है
इश्क़ सरमद, इश्क़ ही मंसूर है
इश्क़ मूसा, इश्क़ कोह-ए-नूर है
ख़ाक़ को बुत, और बुत को देवता करता है इश्क़
इन्तहा ये है के बंदे को ख़ुदा करता है इश्क़

हाँ इश्क़ इश्क़ तेरा इश्क़ इश्क़
तेरा इश्क़ इश्क़, इश्क़ इश्क़ ...

film: singer: Rafi lyrics: music:

चाहूँगा मैं तुझे सांझ सवेरे
फिर भी कभी अब नाम को तेरे
आवाज़ मैं न दूंगा, आवाज़ मैं न दूंगा

देख मुझे सब है पता
सुनता है तू मन की सदा (२)
मितवा ...
मेरे यार तुझको बार बार
आवाज़ मैं न दूंगा, आवाज़ मैं न दूंगा
चाहूँगा मैं तुझे सांझ सवेरे

दर्द भी तू चैन भी तू
दरस भी तू नैन भी तू
मितवा ...
मेरे यार तुझको बार बार
आवाज़ मैं न दूंगा, आवाज़ मैं न दूंगा

film: Tere Ghar Ke Saamne singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

दिल का भंवर करे पुकार
प्यार का राग सुनो, प्यार का राग सुनो रे

फूल तुम गुलाब का
क्या जवाब आपका

(ये ना सोचो इसमें अपनी
हार है कि जीत है) - २
उसे अपना लो जो भी
जीवन की रीत है
ये ज़िद छोड़ो, यूँ ना तोड़ो
हर पल एक दर्पण है
ये जीवन है ...

धन से ना दुनिया से
घर से न द्वार से
साँसों की डोर बंधी है
प्रीतम के प्यार से
दुनिया छूटे, पर ना टूटे
ये कैसा बंधन है
ये जीवन है
इस जीवन का
यही है, यही है, यही है रंग रूप
थोड़े ग़म हैं
थोड़ी ख़ुशियाँ
यही है, यही है, यही है छाँव धूप
ये जीवन है

film: Safar singer: Kishore
lyrics: Indivar music: Kalyanji, Anandji

जीवन से भरी तेरी आँखें
मजबूर करे जीने के लिये
सागर भी तरसते रहते हैं
तेरे रूप का रस पीने के लिये
जीवन से भरी तेरी आँखें ...

तस्वीर बनाये क्या कोई
क्या कोई लिखे तुझपे कविता
रंगों छंदों में समाएगी
किस तरह से इतनी सुंदरता
एक धड़कन है तू दिल के लिये
एक जान है तू जीने के लिये
जीवन से भरी तेरी आँखें ...

मधुबन कि सुगंध है साँसों में
बाहों में कंवल की कोमलता
किरणों का तेज है चेहरे पे
हिरनों की है तुझ में चंचलता
आंचल का तेरे एक तार बहुत
कोई छाक जिगर सीने के लिये
जीवन से भरी तेरी आँखें ...

film: Barsaat Ki Raat singer: Rafi, Manna Dey, Asha, Batish, Sudha Malhotra
lyrics: Saahir music: Roshan

ना तो कारवाँ की तलाश है, ना तो हमसफ़र की तलाश है
मेरे शौक़-ए-खाना खराब को, तेरी रहगुज़र की तलाश है

मेरे नामुराद जुनून का है इलाज कोई तो मौत है
जो दवा के नाम पे ज़हर दे उसी चारागर की तलाश है

तेरा इश्क़ है मेरी आरज़ू, तेरा इश्क़ है मेरी आबरू
दिल इश्क़ जिस्म इश्क़ है और जान इश्क़ है
ईमान की जो पूछो तो ईमान इश्क़ है
तेरा इश्क़ है मेरी आरज़ू, तेरा इश्क़ है मेरी आबरू,
तेरा इश्क़ मैं कैसे छोड़ दूँ, मेरी उम्र भर की तलाश है

इश्क़ इश्क़ तेरा इश्क़ इश्क़ ...

ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

जाँसोज़ की हालत को जाँसोज़ ही समझेगा
मैं शमा से कहता हूँ महफ़िल से नहीं कहता क्योंकि
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

सहर तक सबका है अंजाम जल कर खाक हो जाना,
भरी महफ़िल में कोई शम्मा या परवाना हो जाए क्योंकि
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

वहशत-ए-दिल रस्म-ओ-दीदार से रोकी ना गई
किसी खंजर, किसी तलवार से रोकी ना गई
इश्क़ मजनू की वो आवाज़ है जिसके आगे
कोई लैला किसी दीवार से रोकी ना गई, क्योंकि
ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़, ये इश्क़ इश्क़ है इश्क़ इश्क़

वो हँसके अगर माँगें तो हम जान भी देदें,
हाँ ये जान तो क्या चीज़ है ईमान भी देदें क्योंकि

कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है

कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है
के ये बदन ये निगाहें मेरी अमानत हैं
ये गेसुओं की घनी छाँव हैं मेरी ख़ातिर
ये होंठ और ये बाहें मेरी अमानत हैं
कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है

कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है
के जैसे तू मुझे चाहेगी उम्र भर यूँही
उठेगी मेरी तरफ़ प्यार की नज़र यूँही
मैं जानता हूँ के तू गैर है मगर यूँही
कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है

कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है
के जैसे बजती हैं शहनाइयां सी राहों में
सुहाग रात है घूँघट उठा रहा हूँ मैं (२)
सिमट रही है तू शरमा के मेरी बाहों में
कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है

film: Padosan singer: Kishore
lyrics: Rajendra Krishan music: R.D. Burman

मेरे सामने वाली खिड़की में
एक चांद का टुकड़ा रहता है
अफ़सोस ये है के वो हमसे
कुछ उखड़ा उखड़ा रहता है

जिस रोज़ से देखा है उसको
हम शमा जलाना भूल गए
दिल थाम के ऐसे बैठे हैं
कहीं आना जाना भूल गए
अब आठ पहर इन आँखों में
वो चंचल मुखड़ा रहता है

बरसात भी आकर चली गई
बादल भी गरज कर बरस गए
पर उसकी एक झलक को हम
ऐ हुस्न के मालिक तरस गए
कब प्यास बुझेगी आँखों की
दिन रात ये दुखड़ा रहता है

film: Blackmail singer: Kishore
lyrics: Rajendra Krishan music: Kalyanji, Anandji

पल पल दिल के पास, तुम रहती हो
जीवन मीठी प्यास, ये कहती हो
पल पल ...

हर शाम आँखों पर, तेरा आँचल लहराए
हर रात यादों की, बारात ले आए
मैं सांस लेता हूँ, तेरी खुशबू आती है
एक महका महका सा, पैगाम लाती है
मेरे दिल कि धड़कन भी, तेरे गीत गाती है
पल पल ...

तुम सोचोगी क्यूँ इतना, मैं तुमसे प्यार करूं
तुम समझोगी दीवाना, मैं भी इक़रार करूं
दीवानों की ये बातें, दीवाने जानते हैं
जलने में क्या मज़ा है, परवाने जानते हैं
तुम यूँ ही जलाते रहना, आ आ कर ख़्वाबों में
पल पल ...

कल तुझको देखा था, मैने अपने आंगन में
जैसे कह रही थी तुम, मुझे बाँध लो बन्धन में
ये कैसा रिश्ता है, ये कैसे सपने हैं
बेगाने हो कर भी, क्यूँ लगते अपने हैं
मैं सोच मैं रहता हूँ, डर डर के कहता हूँ
पल पल ...

film: Piya ka Ghar singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

ये जीवन है
इस जीवन का
यही है, यही है, यही है रंग रूप (२)
थोड़े ग़म हैं, थोड़ी खुशियाँ
यही है, यही है, यही है छाँव धूप
ये जीवन है ...

यूँहीं तुम मुझसे बात करती हो
या कोई प्यार का इरादा है
अदाएं दिल की जानता ही नहीं
मेरा हमदम भी कितना सादा है

बन गई हो मेरी सदा के लिये
या मुझे यूँ ही तुम बनाती हो
कहीं बाहों में न भर लूँ तुमको
क्यों मेरे हौसले बढ़ाती हो
हौसले और करो, फ़ासले दूर करो
पास आते न डरो
दिल न तोड़ेंगे अपना वादा है, यूँही तुम ...

भोलेपन में है वफ़ा की खुशबू
तुझपे सब कुछ न क्यूँ लुटाऊँ मैं
मेरा बेताब दिल ये कहता है
तेरे साए से लिपट जाऊँ मैं
मुझसे ये मेल तेरा (२)
ना हो इक खेल तेरा
ये करम मुझपे कुछ ज़ियादा है, यूँही तुम ...

रोज़ आती हो तुम ख़यालों में (२)
ज़िन्दगी में भी मेरी आ जाओ
बीत जाए ना ये सवालों में
इस जवानी पे कुछ तरस खाओ
हाल-ए-दिल समझो सनम (२)
कहेंगे मुँह से ना हम
हमारी भी कोई मर्यादा है, यूँही तुम ...

film: Door Gagan Ki Chaaon Me singer: Kishore
lyrics: Kishore music: Kishore

आ चल के तुझे, मैं ले के चलूं
इक ऐसे गगन के तले
जहां ग़म भी न हो, आँसू भी न हो
बस प्यार ही प्यार पले
इक ऐसे गगन के तले

सूरज की पहली किरण से, आशा का सवेरा जागे (२)
चंदा की किरण से धुल कर, घनघोर अंधेरा भागे (२)
कभी धूप खिले कभी छाँव मिले
लम्बी सी डगर न खले
जहां ग़म भी नो हो, आँसू भी न हो ...

जहां दूर नज़र दौड़ आए, आज़ाद गगन लहराए
जहां रंग बिरंगे पंछी, आशा का संदेसा लाएं (२)
सपनो मे पली हँसती हो कली
जहां शाम सुहानी ढले
जहां ग़म भी न हो, आँसू भी न हो ...
आ चल के तुझे मैं ले के चलूं ...

film: Chaudvin Ka Chaand singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Ravi

चौदवीं का चांद हो, या आफ़ताब हो
जो भी हो तुम ख़ुदा कि क़सम, लाजवाब हो

ज़ुल्फ़ें हैं जैसे काँधे पे बादल झुके हुए
आँखें हैं जैसे मय के पयाले भरे हुए
मस्ती है जिसमे प्यार की तुम, वो शराब हो
चौदवीं का ...

चेहरा है जैसे झील मे खिलता हुआ कंवल
या ज़िंदगी के साज पे छेड़ी हुई गज़ल
जाने बहार तुम किसी शायर का ख़्वाब हो
चौदवीं का ...

होठों पे खेलती हैं तबस्सुम की बिजलियाँ
सज़दे तुम्हारी राह में करती हैं कैकशां
दुनिया-ए-हुस्न-ओ-इश्क़ का तुम ही शबाब हो
चौदवीं का ...

film: Kabhi Kabhi singer: Mukesh or Lata
lyrics: Sahir music: Khaiyyam

कभी कभी मेरे दिल में, ख़याल आता है
के जैसे तुझको बनाया गया है मेरे लिये
तू अबसे पहले सितारों में बस रही थी कहीं
तुझे ज़मीं पे बुलाया गया है मेरे लिये

हमीं को सुनाना गज़ब हो गया

कभी खुल के मिलना कभी खुद झिझकना
कभी रास्तों पे बहकना मचलना
ये पलकों की चिलमन उठाकर गिराना
गिराकर उठाना गज़ब हो गया

फ़िज़ाओं में ठंडक घटा भर जवानी
तेरे गेसुओं की बड़ी मेहरबानी
हर इक पेंच में सैकड़ों मैकदे हैं
तेरा लड़खड़ाना गज़ब हो गया

film: Aarzu singer: Lata, Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

लता : अजी रूठ कर अब कहाँ जाइयेगा
(रफ़ी: अजी हमसे बचकर कहाँ जाइयेगा)
जहाँ जाइयेगा हमें पाइयेगा

निगाहों में छुपकर दिखाओ तो जानें
ख़यालों में भी तुम न आओ तो जानें
अजी लाख परदे में छुप जाइयेगा
नज़र आइयेगा नज़र आइयेगा

जो दिल में हैं होठों पे लाना भी मुश्किल
मगर उसको दिल में छुपाना भी मुश्किल
नज़र की ज़ुबाँ को समझ जाइयेगा
समझ कर ज़रा गौर फ़रमाइयेगा

ये कैसा नशा हैं ये कैसा असर हैं
न काबू में दिल हैं न बस में जिगर हैं
ज़रा होश आ ले फिर जाइयेगा
ठहर जाइयेगा ठहर जाइयेगा

film: Aarzoo singer: Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन याद करता है
बरसता है जो आँखों से वो सावन याद करता है

कभी हम साथ गुज़रे जिन सजीली रहगुज़ारों से
फ़िज़ा के भेस में गिरते हैं अब पत्ते चनारों से
ये राहें याद करती हैं ये गुलशन याद करता है

कोई झोंका हवा का जब मेरा आँचल उड़ाता है
गुमाँ होता है जैसे तू मेरा दामन हिलाता है
कभी चूमा था जो तूने वो दामन याद करता है

वो ही हैं झील के मंदर वो ही किरनों कि बरसातें
जहाँ हम तुम किया करते थे पहरों प्यार की बातें
तुझे इस झील का ख़ामोश दरपन याद करता है

film: Masoom singer: Bhupinder, Suresh Wadkar
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

हुज़ूर इस कदर भी न इतरा के चलिये
खुले आम आँचल न लहरा के चलिये (२)

कोई मनचला गर पकड़ लेगा आँचल
ज़रा सोचिये आप क्या कीजियेगा
लगा दें अगर भड़के ज़ुल्फ़ों में कलियाँ
तो क्या अपनी ज़ुल्फ़ें झटक दीजियेगा
हुज़ूर इस ...

बहुत दिलनशीं हैं हँसी की ये लड़ियां
ये मोती मगर यूँ ना बिखराया कीजे
उड़ाकर न ले जाये झोंका हवा का
लचकता बदन यूँ ना लहराया कीजे
हुज़ूर इस ...

बहुत खूबसूरत है हर बात लेकिन
अगर दिल भी होता तो क्या बात होती
लिखी जाती फिर दास्तान-ए-मुहब्बत
एक अफ़साने जैसे मुलाक़ात होती
हुज़ूर इस ...

film: Sachcha Jhutha singer: Rafi, Lata
lyrics: Indivar music: Kalyanji, Anandji

पुकारतीं मुझे जब तलख़ियाँ ज़माने की
तेरे लबों से हलावत के घूँट पी लेता
हयात चीख़ती फिरती बरेहना-सर और मैं
घनेरी ज़ुल्फ़ों की छाओं में छुप के जी लेता

मगर ये हो न सका
मगर ये हो न सका और अब ये आलम है
कि तू नहीं, तेरा ग़म, तेरी जुस्तुजू भी नहीं
गुज़र रही है कुछ इस तरह ज़िंदगी जैसे
इसे किसी के सहारे की आरज़ू भी नहीं

ज़माने भर के दुखों को लगा चुका हूँ गले
गुज़र रहा हूँ कुछ अनजानी रहगुज़ारों से
मुहीब साये मेरी सिमट भरते आते हैं
हयात-ओ-मौत के पर-हाल ख़ार-ज़ारों से

न कोई जदा, न मंज़िल, न रोशनी का सुराग
भटक रही है ख़यालों में ज़िंदगी मेरी
इन्हीं ख़यालों में रह जाऊँगा कभी खो कर
मैं जानता हूँ मेरे हम-नफ़स, मगर यूँ हीं
कभी कभी मेरे दिल में ख़याल आता है

ITRANS Song Book: 4.s

film: Khamoshi singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: Hemant Kumar

वो शाम कुछ अजीब थी, ये शाम भी अजीब है
वो कल भी पास पास थी, वो आज भी करीब है

झुकी हुई निगाह में, कहीं मेरा ख़याल था
दबी दबी हँसीं में इक, हसीन सा सवाल था
मैं सोचता था, मेरा नाम गुनगुना रही है वो
न जाने क्यूँ लगा मुझे, के मुस्कुरा रही है वो
वो शाम कुछ अजीब थी ...

मेरा ख़याल हैं अभी, झुकी हुई निगाह में
खुली हुई हँसी भी है, दबी हुई सी चाह में
मैं जानता हूँ, मेरा नाम गुनगुना रही है वो
यही ख़याल है मुझे, के साथ आ रही है वो

वो शाम कुछ अजीब थी, ये शाम भी अजीब है
वो कल भी पास पास थी, वो आज भी करीब है

ITRANS Song Book: 5.s

film: Anand singer: Mukesh
lyrics: Yogesh music: Salil Chaudhary

कहीं दूर जब दिन ढल जाए
साँझ की दुल्हन बदन चुराए
चुपके से आए
मेरे ख़यालों के आंगन में
कोइ सपनों के दीप जलाए, दीप जलाए
कहीं दूर ...

कभी यूँहीं, जब हुई, बोझल साँसें
भर आई बैठे बैठे, जब यूँहीं आँखें
तभी मचल के, प्यार से छल के
छुए कोई मुझे पर नज़र न आए, नज़र न आए
कहीं दूर ...

कहीं तो ये, दिल कभी, मिल नहीं पाते
कहीं से निकल आए, जन्मों के नाते
घनी थी उलझन, बैरी अपना मन
अपना ही होके सहे दर्द पराए, दर्द पराए
कहीं दूर ...

दिल जाने, मेरे सारे, भेद ये गहरे
हो गए कैसे मेरे, सपने सुनहरे
ये मेरे सपने, यही तो हैं अपने
मुझसे जुदा न होंगे इनके ये साये, इनके ये साये
कहीं दूर ...

ITRANS Song Book: 6.s

film: Aarzu singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

ऐ फूलों की रानी बहारों की मलिका
तेरा मुस्कुराना गज़ब हो गया
न दिल होश में है न हम होश में हैं
नज़र का मिलाना गज़ब हो गया

तेरे होंठ क्या हैं गुलाबी कंवल हैं
ये दो पत्तियां प्यार की इक गज़ल हैं
वो नाज़ुक लबों से मुहब्बत की बातें

film: Sholar aur Shabnam singer: Rafi
lyrics: Kaifi Azmi music: Khaiyyam

जाने क्या ढूँढती रहती हैं ये आँखें मुझमें
राख के ढेर में शोला है न चिंगारी है
अब न वो प्यार न उसकी यादें बाकी
आग यूँ दिल में लगी कुछ न रहा कुछ न बचा
जिसकी तस्वीर निगाहों में लिये बैठा हो
मैं वो दिलदार नहीं उसकी हूँ खामोश चिता

ज़िंदगी हँस के न गुज़रती तो बहुत अच्छा था
खैर हँस के न सही रो के गुज़र जायेगी
राख बरबाद मुहब्बत की बचा रखी हैं
बार-बार इसको जो छेड़ा तो बिखर जायेगी

आरज़ू जुर्म वफ़ा जुर्म तमन्ना है गुनाह
ये वो दुनिया है जहाँ प्यार नहीं हो सकता
कैसे बाज़ार का दस्तूर तुम्हें समझाऊँ
बिक गया जो वो खरीदार नहीं हो सकता ...

film: Pyaasaa singer: Rafi, Asha
lyrics: Sahir music: S.D. Burman

हम आपकी आँखों में, इस दिल को बसा दें तो
हम मूँद के पलकों को, इस दिल को सज़ा दें तो
हम आपकी आँखों में, इस दिल को बसा दें तो

(इन ज़ुल्फ़ों में गूँधेंगे, हम फूल मुहब्बत के
ज़ुल्फ़ों को झटक कर हम, ये फूल गिरा दें तो) - २
हम आपकी आँखों में, इस दिल को बसा दें तो

(हम आपको ख्वाबों में, ला ला के सतायेंगे
हम आपकी आँखों से, नींदें ही उड़ादें तो) - २
हम आपकी आँखों में, इस दिल को बसा दें तो

(हम आपके कदमों पर, गिर जायेंगे ग़श खा कर
इस पर भी न हम अपने, आंचल की हवा दें तो) - २
(हम आपकी आँखों में, इस दिल को बसा दें तो
हम मूँद के पलकों को, इस दिल को सज़ा दें तो) - २

film: Shor singer: Mukesh, Lata
lyrics: Majrooh music: Laxmikant, Pyarelal

एक प्यार का नग़मा है, मौजों की रवानी है
ज़िंदगी और कुछ भी नहीं, तेरी मेरी कहानी है - (२)

कुछ पाकर खोना है, कुछ खोकर पाना है
जीवन का मतलब तो, आना और जाना है
दो पल के जीवन से, एक उम्र चुरानी है
ज़िंदगी और...

तू धार है नदिया की, मैं तेरा किनारा हूँ
तू मेरा सहारा है, मैं तेरा सहारा हूँ
आँखों में समंदर है, आशाओं का पानी है
ज़िंदगी और...

तूफ़ान तो आना है, आकर चले जाना है
बादल है ये कुछ पल का, छाकर ढल जाना है
परछाइंयाँ रह जातीं, रह जाती निशानी है
ज़िंदगी और...

जो दिल को तसल्ली दे, वो साज़ उठा लाओ
दम घुटने से पहले ही, आवाज़ उठा लाओ
खुशियों की तमन्ना है, अश्कों की रवानी है
ज़िंदगी और...

film: Kabhi Kabhi singer: Amitabh
lyrics: Sahir music: Khaiyyam

Sahir's Talkhiyaan

कभी कभी मेरे दिल में ख़याल आता है
कि ज़िंदगी तेरी ज़ुल्फ़ों की नर्म छाओं में
गुज़रने पाती तो शादाब हो भी सकती थी
यह तिरागी जो मेरे ज़ीस्त का मुकद्दर है
तेरी नज़र की शुआँओं में खो भी सकती थी

अजब न था कि मैं बेगाना-ए-आलम हो कर
तेरे जमाल की रानाइयों में खो रहता
तेरा गुदाज़ बदन, तेरी नीमबाज़ आँखें
इन्हीं हसीन फ़ज़ाओं में मैं हो रहता